# अर्पण

## राष्ट्रीय सेवा योजना



छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय)




विश्वविद्यालय, कानपुर
एवं परामर्श शिविर

# अर्पण

## राष्ट्रीय सेवा योजना

### स्मारिका समिति

प्रो. के. एन. मिश्र

डा. प्रवीन कटियार | डा. मानस उपाध्याय

डा. पंकज द्विवेदी | डा. पुष्पा ममोरिया

डा. श्याम मिश्र | डा. स्नेह पाण्डेय

## छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

## राष्ट्रीय सेवा योजना गीत

होगें कामयाब, होगें कामयाब,
हम होगें कामयाब, एक दिन
ओ! मन में हैं विश्वास, पूरा हैं विश्वास,
हम होगें कामयाब, एक दिन।।

हम चलेगें साथ–साथ, होगें हाथों में हाथ,
हम चलेगें साथ–साथ, एक दिन।
ओ!मन में है विश्वास, पूरा हैं विश्वास,
हम होगें कामयाब, एक दिन।।

होगी शान्ति चारों ओर, होगी शान्ति चारों ओर
ओ, होगी शान्ति चारों ओर, एक दिन।
ओ! मन में है विश्वास, पूरा है विश्वास,
हम होंगे कामयाब, एक दिन।।

सत् से होंगे आजाद, सत् से होगें आजाद,
सत् से होंगे आजाद, एक दिन।
ओ! मन में है विश्वास, पूरा है विश्वास,
हम होगें कामयाब, एक दिन।।

हमें डर नहीं है आज, हमें डर नहीं है आज,
हमें डर नहीं है आज के दिन।
ओ! मन में है विश्वास, पूरा है विश्वास,
हम होगें कामयाब, एक दिन।।

# अनुक्रमणिका


| विषय | | पेज नम्बर |
|---|---|---|
| सन्देश | | 01 |
| 1. | राष्ट्रीय सेवा योजना | 02–07 |
| • | सामान्य परिचय | 02 |
| • | लक्ष्य एवं उद्देश्य | 02 |
| • | सिद्धांत वाक्य, प्रतीक चिन्ह, बैज | 03 |
| • | स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं के क्रिया कलाप | 04 |
| • | राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा दिये जाने वाले प्रमुख पुरस्कार | 05 |
| • | प्रमुख दिवस | 06 |
| • | स्वच्छता शपथ एवं मतदाता शपथ | 07 |
| 2. | राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रमों की चित्रावली एवं समाचार पत्रों में छायांकन का विवरण | 08–24 |
| • | इकाई– 01 : (छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर) | 08 |
| • | इकाई– 02 : (छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर) | 13 |
| • | इकाई– 03 : (छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर) | 14 |
| • | इकाई– 04 : (छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर) | 18 |
| 3. | राष्ट्रीय सेवा योजना अन्तर्गत छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में आयोजित कार्यक्रमों की चित्रावली एवं समाचार पत्रों में छायांकन का विवरण | 25–70 |
| • | ए0एन0डी0 कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना वार्षिक आख्या | 26 |
| • | बाबू जयशंकर प्रसाद महाविद्यालय, उन्नाव, कानपुर | 32 |
| • | क्राइस्ट चर्च कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना की वार्षिक आख्या | 33 |
| • | दयानन्द गर्ल्स पी. जी. कॉलेज, कानपुर | 36 |
| • | डी0बी0एस0 कॉलेज, कानपुर | 41 |
| • | राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, इटावा | 42 |
| • | इंदिरा गांधी राजकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय, उन्नाव | 48 |
| • | एम0एम0वी0 कॉलेज | 51 |
| • | नेहरु कॉलेज छिबरामऊ, कन्नौज | 52 |
| • | जनता कॉलेज, बकेवर, इटावा | 54 |
| • | राम सहाय राजकीय डिग्री कॉलेज | 55 |
| • | राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज | 58 |
| • | पी.पी.एन. कालेज, कानपुर | 62 |
| • | चुन्नी देवी राज नारायण मेमोरियल महाविद्यालय | 64 |
| • | कानपुर विद्या मन्दिर महिला महाविद्यालय | 66 |
| • | डी.एस.एन. कालेज, उन्नाव | 67 |
| • | स्वयं सेविका की कलम से | 69 |
| 4. | राष्ट्रीय सेवा योजना के विभिन्न प्रारूप | 71 |
| 5. | राष्ट्रीय सेवा योजना से सम्बंधित महत्वपूर्ण संपर्क सूत्र | 84 |


# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाईयाँ

1. सी0एस0जे0एम0 विश्वविद्यालय परिसर – प्रथम इकाई
2. सी0एस0जे0एम0 विश्वविद्यालय परिसर –द्वितीय इकाई
3. सी0एस0जे0एम0 विश्वविद्यालय परिसर – तृतीय इकाई
4. सी0एस0जे0एम0 विश्वविद्यालय परिसर – चतुर्थ इकाई
5. सी0एस0जे0एम0 विश्वविद्यालय परिसर – पंचम इकाई
6. पी0पी0एन0 कॉलेज, कानपुर नगर
7. विद्या मंदिर महाविद्यालय, कायमगंज, फर्रूखाबाद
8. जनता महाविद्यालय, बकेवर, इटावा
9. ब्रह्मनंद पी0जी0 कॉलेज, कानपुर नगर
10. भारतीय महाविद्यालय, फर्रूखाबाद
11. चौ0 चरण सिंह, पी0जी0 कॉलेज, इटावा
12. कानपुर विद्या मंदिर पी0जी0 कॉलेज, कानपुर नगर
13. डी0जी0 पी0जी0 कॉलेज, कानपुर नगर
14. पटेल डिग्री कॉलेज, कानपुर नगर
15. अविका डिग्री कॉलेज, कन्नौज
16. अंगद सिंह दिलीप सिंह, महाविद्यालय, कानपुर नगर
17. लल्लू सिंह महिला महाविद्यालय, अकबरपुर
18. पी0एल0 यादव महाविद्यालय, कानपुर देहात
19. स्नेहलता गुप्ता डिग्री कॉलेज, कानपुर देहात
20. राम कुमार भारती ज्ञान देवी महाविद्यालय, औरैया
21. एम0ए0के0 आजाद फैज–ए–आम महाविद्यालय, कानपुर नगर
22. मुलायम सिंह महाविद्यालय, कानपुर नगर
23. ग्लोबल शिक्षा संस्थान, छिबरामउ, कन्नौज
24. ए0एन0डी0 कॉलेज, कानपुर– प्रथम इकाई
25. ए0एन0डी0 कॉलेज, कानपुर– द्वितीय इकाई
26. डी0ए0वी0 कॉलेज, कानपुर नगर
27. नजीरी महाविद्यालय, मूसाानगर, कानपुर देहात
28. हलीम मुस्लिम पी0जी0 कॉलेज, कानपुर नगर
29. पी0एस0आई0टी हायर एजूकेशन, कानपुर
30. महिला महाविद्यालय, कानपुर नगर
31. डी0बी0एस0 कॉलेज, कानपुर नगर
32. नेहरू पी0जी0 कॉलेज, छिबरामऊ, कन्नौज
33. दयानंद शुभाष नेशनल पी0जी0 कॉलेज, उन्नाव
34. तिलक महाविद्यालय, औरैया
35. एस0एन0सेन कॉलेज कानपुर नगर
36. जनता कॉलेज, अजीतमल, औरैया
37. वी0जी0एम0 डिग्री कॉलेज, दिबियापुर, औरैया
38. क्राइस्ट चर्च पी0जी0 कॉलेज, कानपुर नगर
39. राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, कन्नौज
40. अरमापुर पी0जी0 कालेज, कानपुर नगर
41. राम स्वरूप ग्रामोदय पी0जी0 कॉलेज, कानपुर देहात
42. राम मनोहर लोहिया महाविद्यालय, कानपुर
43. बाबू जयशंकर गया प्रसाद पी0जी0 महाविद्यालय, उन्नाव
44. महाराणा प्रताप इंजीनियरिंग कॉलेज, कानपुर
45. अकबरपुर डिग्री कॉलेज, कानपुर देहात
46. ब्रह्मवर्त डिग्री कॉलेज, मंधना, कानपुर नगर
47. चुन्नी देवी राज नारायण मेमोरियल महाविद्यालय, फर्रूखाबाद
48. श्री0 तिरूपति बालाजी महाविद्यालय, इटावा
49. बाबू राम पाल सिंह महाविद्यालय, मौरांवा, उन्नाव
50. पी0आर0 राजकीय महिला महाविद्यालय, इटावा
51. राम सहाय राजकीय महाविद्यालय, बैरी, शिवराजपुर, कानपुर नगर
52. राजकीय डिग्री कॉलेज, कानपुर देहात
53. इंदिरा गांधी राजकीय महाविद्यालय, बांगरमऊ, उन्नाव
54. राजकीय महिला महाविद्यालय, बांगर, कन्नौज
55. मान्यवर काशीराम राजकीय महाविद्यालय, निनौआ
56. सुमन रानी इंजीनियरिंग ऑफ प्रौद्योगिकी, औरैया
57. डा0 वीरेन्द्र स्वरूप इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, कानपुर नगर

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर - 208024
Chhatrapati Shahu Ji Maharaj University, Kanpur- 208024

**प्रो. विनय कुमार पाठक**
कुलपति
**Prof. Vinay Kumar Pathak**
Vice Chancellor

कार्यालय/Office : +91-512-2581280
फैक्स/Fax : +91-512-2581280
ई–मेल/E-mail : vcocsjmu@gmail.com
वेबसाईट/Website : www.csjmu.ac.in



# संदेश

मुझे यह जानकर हार्दिक प्रसन्नता हो रही है कि राष्ट्रीय सेवा योजना, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर (पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय) द्वारा इस वर्ष एक पत्रिका का प्रकाशन किया जा रहा है। राष्ट्रीय सेवा योजना, युवाओं के व्यक्तित्व विकास एवं चरित्र निर्माण की दिशा में हमेशा से ही अग्रसर रही है। पत्रिका निश्चित तौर पर छात्र/छात्राओं की रचनात्मक प्रवृत्तियों को प्रोत्साहित करेगी।

**प्रो. विनय कुमार पाठक**
कुलपति

# राष्ट्रीय सेवा योजना

## सामान्य परिचय

स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् राष्ट्रीय पुनर्निर्माण हेतु राष्ट्रीय शिक्षा नीति की कमजोरियों को दूर करने एवं उसमें गुणात्मक परिवर्तन लाने तथा छात्रों को पूर्णतः राष्ट्र सेवा में लगाने के निमित्त कई आयोग गठित हुए, जिन्होंने शिक्षा को रचनात्मक आयाम देने के लिए अपनी–अपनी संस्तुतियां दी। विश्वविद्यालय आयोग के अध्यक्ष के रूप में डॉ0 राधाकृष्णन ने सुझाव दिया कि शैक्षिक संस्थाओं में छात्र राष्ट्रीय सेवा को स्वैच्छिक रूप से शुरू करें, जिससे विद्यालय परिसर और समाज एक सृजनात्मक सूत्र से जुड़ सकें। 1950 में उच्च शिक्षा हेतु गठित केन्द्रीय सलाहकार समिति ने सिफारिश की कि छात्रों को स्वेच्छा से शारीरिक श्रम में लगना चाहिए एवं शिक्षकों को उनका मार्गदर्शन करना चाहिए। 1958 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पं0 जवाहर लाल नेहरू ने समाज सेवा के कार्य को स्नातक पूर्व की आवश्यकता बताया। 1959 में डॉ0 देशमुख की अध्यक्षता में गठित राष्ट्रीय सेवा समिति ने सिफारिश की कि महाविद्यालय या विश्वविद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने वाले सभी छात्रों को राष्ट्रीय सेवा करना अनिवार्य कर दिया जाय। भारत सरकार के अनुरोध पर 1960 में प्रो0 के0 जी0 सैयद्दीन ने विश्व के कई देशों का दौरा करके "युवाओं के लिए राष्ट्रीय सेवा" नामक आख्या प्रस्तुत की। 1964 से 1966 के बीच में डॉ0 दौलत सिंह कोठारी की अध्यक्षता में गठित शिक्षा समिति ने सभी स्तरों के छात्रों को समाज सेवा से जोड़ने की सिफारिश की। राज्य सरकारों के शिक्षा मंत्रियों की बैठक अप्रैल, 1967 में एन. सी. सी के विकल्प के रूप में राष्ट्रीय सेवा योजना को संचालित करने का सुझाव दिया। सितम्बर, 1967 में इस प्रस्ताव पर विचार करने के लिए विभिन्न विश्वविद्यालय के कुलपतियों की एक गोष्ठी हुई, जिसमें एक समिति के गठन का प्रस्ताव पारित हुआ, साथ ही साथ भारत सरकार के नीति में राष्ट्रीय सेवा को शिक्षा का मौलिक आधार माना गया।

स्वतंत्रता के बाद से ही इस दिशा में किये गये प्रयासों एवं सुझावों को मूर्तरूप देते हुए 24 सितंबर, 1969 को भारत सरकार के तत्कालीन शिक्षा मंत्री बी0 के0 आर0 वी0 राव ने राष्ट्रीय सेवा योजना को 37 विश्वविद्यालयों में एक पायलट परियोजना के रूप में क्रियान्वित कराया एवं उस वर्ष यह योजना 40,000 स्वयंसेवकों के साथ प्रारम्भ हुयी। वर्तमान में यह योजना भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ध्वजवाहक योजना के रूप में देश के 32,00,000 युवाओं का विशालतम संगठन है, जिसमें राज्यों की सक्रिय सहभागिता है। वर्तमान वर्ष 2014–15 में इस योजना के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश के 22 विश्वविद्यालयों से लगभग 2,80,000 छात्र विभिन्न राष्ट्रीय एवं सामाजिक गतिविधियों में कार्य कर रहे हैं।

## लक्ष्य एवं उद्देश्य

**लक्ष्य :** सामुदायिक सेवा के माध्यम से स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना।

**उद्देश्य :**

1. जिस समुदाय में स्वयंसेवक कार्य करते हैं उस समुदाय को समझना।
2. अपने समुदाय के परिप्रेक्ष्य में स्वयं को समझना।
3. समुदाय की आवश्यकताओं और समस्याओं की पहचान करना और उनके समाधान की प्रक्रिया में सम्मिलित होना।
4. स्वयंसेवकों में सामाजिक व नागरिक दायित्व–बोध विकसित करना।
5. व्यक्तिगत तथा सामुदायिक समस्याओं के निदान में अपने व्यावहारिक ज्ञान का उपयोग करना।
6. सामूहिक जीवन और जिम्मेंदारी में सहभाग की योग्यता विकसित करना।
7. सामूहिक भागीदारी को सक्रिय करने की कुशलता प्राप्त करना।
8. नेतृत्व क्षमता व लोकतांत्रिक प्रवृत्ति अर्जित करना।
9. आपातकाल व प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए क्षमता विकसित करना।
10. राष्ट्रीय एकता व सामाजिक सौहार्द्र का अभ्यास करना।

# सिद्धान्त वाक्य, प्रतीक चिन्ह एवं बैज

### 'NOT ME BUT YOU'

### 'मुझे नहीं आपके लिये'

राष्ट्रीय सेवा योजना का सिद्धान्त वाक्य यह बताता है कि हम दूसरे व्यक्ति के दृष्टिकोण की सराहना करने वाले बनें तथा दूसरों को सम्मान व श्रेय देने वाले बने। यह प्रजातांत्रिक ढंग से रहने के साथ–साथ निःस्वार्थ की आवश्यकता पर बल देता है। यह प्रदर्शित करता है कि व्यक्ति का कल्याण सम्पूर्ण समाज के कल्याण पर ही निर्भर है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना का प्रतीक चिन्ह एवं बैज

राष्ट्रीय सेवा योजना का प्रतीक चिन्ह उड़ीसा के कोणार्क सूर्य मन्दिर के रथ चक्र पर आधारित है जो निरन्तरता और परिवर्तन का द्योतक है। यह चिन्ह राष्ट्रीय सेवा योजना के बैज पर उत्कीर्ण है। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक समाज की सेवा के विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेते हुए उसे लगाते हैं। कोणार्क के सूर्य मन्दिर के रथ में 24 पहिये हैं जो सम्पूर्ण दिन के 24 घण्टों का प्रतिनिधित्व करते हैं। प्रत्येक पहिये में 8 तीलियां हैं जो 8 पहर दर्शाती हैं।

राष्ट्रीय सेवा योजना का बैज, धारण करने वाले को यह याद दिलाता है कि वह राष्ट्र सेवा के लिए दिन–रात अर्थात 24 घण्टे (आठों पहर) तत्पर रहे। बैज में जो लाल रंग है वह इस बात का संकेत करता है कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों में पूरा उत्साह है और वे जीवन्त हैं, सक्रिय हैं और उनमें स्फूर्ति है। गहरा नीला रंग उस ब्रह्माण्ड की ओर संकेत करता है जिसका राष्ट्रीय सेवा योजना एक छोटा सा अंश है और जो मानव मात्र का कल्याण करने के लिए अपना अंशदान करने को तैयार है। बैज का सफेद रंग शान्ति का प्रतीक है, जो धारण करने वाले को बिना विवाद के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्य में सदैव तत्पर रहने की प्रेरणा देता है।

# स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं के क्रिया कलाप

**शिक्षा एवं मनोरंजन के क्षेत्र में जैसे :**

काम चलाऊ अक्षर का ज्ञान कराना, स्कूल छोड़ देने वालों को शिक्षित करना, सांस्कृतिक गतिविधियां, युवा क्लबों का गठन, ग्रामीण व देशी खेल का आयोजन, सामाजिक बुराइयों के उन्मूलन पर चर्चा,जागरूकता के कार्यक्रम।

**आपातकाल के लिए कार्यक्रम :(तूफान, बाढ़, भूकम्प, सूखा आदि)**

आवश्यक वस्तुओं के वितरण में अधिकारियों को मदद पहुँचाना, स्वास्थ्य अधिकारियों को रोगों की रोकथाम के उपाय करने, टीके लगाने, दवाइयां देने और अन्य सम्बद्ध गतिविधियों में सहायता करना, स्थानीय अधिकारियों को राहत पहुँचाने व बचाने के कार्य में सहायता करना, पुनर्निर्माण के कार्य में स्थानीय लोगों की सहायता करना, दान प्राप्त करना व कपड़े एकत्र करना तथा उन्हें प्रभावित लोगों में बांटना।

**पर्यावरण को समृद्ध बनाना तथा उसकी सुरक्षा**

प्राचीन स्मारकों की सुरक्षा और उसकी मरम्मत, सांस्कृतिक विरासत, मन्दिरों की मरम्मत करने के प्रति लोगों को जागरूक बनाना।

स्वास्थ्य, परिवार कल्याण और पोषक कार्यक्रम, रोगों से बचाने के व्यापक कार्यक्रम, टीकाकरण कार्यक्रमों में सहयोग, रक्तदान शिविर, जनसंख्या शिक्षा व परिवार कल्याण,

रोगियों की मदद, अनाथ और वृद्धों की मदद करना, चिकित्सा, समाज सर्वेक्षण कार्यक्रम

**समाज सेवा के कार्यक्रम :**

महिलाओं के कल्याण संगठनों में काम करना, महिलाओं को बुनाई, सिलाई, कढ़ाई आदि के कार्य में प्रशिक्षण देना, महिलाओं में यह चेतना लाना कि वे अपने अधिकारों का उपयोग किस प्रकार कर सकती हैं, ग्रामों को अभिगृहीत करना, सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण करना, लोगों में ग्रामीण विकास के लिए बैंकों की भूमिका के प्रति जागरूकता पैदा करना,

**पर्यावरण को प्रदूषण रहित रखना :**

नदियों की सफाई, पानी का विश्लेषण,

स्थानीय आवश्यकताओं और प्राथमिकता के आधार पर संचालित किये जाने वाले अन्य कार्यक्रम भी समय–समय पर कराए जा सकते हैं।

# राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा दिये जाने वाले प्रमुख पुरस्कार

विश्वविद्यालय/कार्यक्रम अधिकारी/स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित करने के लिए युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार, राज्य सरकार एवं विश्वविद्यालयों द्वारा विभिन्न पुरस्कारों की व्यवस्था की गयी है।

(क) **इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार** : प्रत्येक वर्ष युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार तीन श्रेणियों में प्रदान किया जाता है–

1. **विश्वविद्यालय/मण्डल+2** स्तर पर जिसमें किसी एक विश्वविद्यालय अथवा मण्डल को रू0 02 लाख नकद शील्ड एवं संबंधित कार्यक्रम समन्वयक को मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

2. **कार्यक्रम अधिकारी स्तर**– इसमें पूरे देश से 10 कार्यक्रम अधिकारियों एवं उनकी इकाइयों को पुरस्कृत किया जाता है। इसके अन्तर्गत प्रत्येक कार्यक्रम अधिकारी को रू0 20,000 मेडल व प्रमाण–पत्र तथा संबंधित इकाई को कार्यक्रमों के विकास के लिए रू0 70,000 एवं शील्ड प्रदान की जाती है।

3. **स्वयंसेवक स्तर**– कुल 30 स्वयंसेवकों को इस श्रेणी में चयनित किया जाता है, जिसमें प्रत्येक को रू0 15,000 प्रमाण पत्र व मेडल प्रदान किया जाता है।

(ख) **राष्ट्रीय युवा पुरस्कार** :– युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा रा0से0यो0 तथा अन्य सामाजिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए "राष्ट्रीय युवा पुरस्कार" प्रदान किया जाता है। पुरस्कार के रूप में राशि रू0 10,000.00 नकद तथा प्रमाण–पत्र प्रदान किया जाता है। (मेडल एवं शॉल)

(ग) **राज्य पुरस्कार** :–

विभिन्न राज्यों में भी राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत श्रेष्ठ कार्यक्रम समन्वयकों, कार्यक्रम अधिकारियों एवं स्वयंसेवकों को राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किया जा रहा है।

(घ) **दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार** :–

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर द्वारा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों एवं आवासीय परिसर हेतु तीन श्रेणियों के राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार प्रदान किये जाते हैं –

1. सर्वश्रेष्ठ महाविद्यालय पुरस्कार (एक)
2. सर्वश्रेष्ठ कार्यक्रम अधिकारी पुरस्कार (दो)
3. सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक/स्वयंसेविका पुरस्कार (पाँच)

# प्रमुख दिवस

अधोलिखित दिवसों पर राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप विभिन्न गतिविधियां यथा, वृक्षारोपण, संगोष्ठी, रक्तदान, स्वास्थ्य जॉच, जागरूकता रैली, स्वच्छता अभियान, पोस्टर, स्लोगन आदि का आयोजन किया जाता है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | वन महोत्सव सप्ताह | 1 जुलाई से 7 जुलाई तक |
| 2. | स्वतंत्रता दिवस | 15 अगस्त |
| 3. | सद्भावना दिवस | 20 अगस्त |
| 4. | शिक्षक दिवस | 05 सितम्बर |
| 5. | अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस | 08 सितम्बर |
| 6. | राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस | 24 सितम्बर |
| 7. | राष्ट्रीय रक्त दान दिवस | 01 अक्टूबर |
| 8. | गाँधी जयन्ती | 02 अक्टूबर |
| 9. | यातायात नियंत्रण दिवस | 24 अक्टूबर |
| 10. | राष्ट्रीय एकता दिवस | 31 अक्टूबर |
| 11. | बाल दिवस | 14 नवम्बर |
| 12 | राष्ट्रीय एकीकरण दिवस | 19 नवम्बर |
| 13. | कौमी एकता पखवाड़ा | 19 नवम्बर से 25 नवम्बर |
| 14. | विश्व एड्स दिवस | 1 दिसम्बर |
| 15. | मानवाधिकार दिवस | 10 दिसम्बर |
| 16. | सुशासन दिवस | 25 दिसम्बर |
| 17. | विवेकानन्द जयन्ती | 12 जनवरी |
| 18. | राष्ट्रीय युवा सप्ताह | 12 से 18 जनवरी |
| 19. | मतदाता दिवस | 25 जनवरी |
| 20. | गणतंत्र दिवस | 26 जनवरी |
| 21. | अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस | 8 मार्च |
| 22. | विश्व पर्यावरण दिवस | 5 जून |
| 23. | विश्व योग दिवस | 21 जून |

# स्वच्छता शपथ एवं मतदाता शपथ

## स्वच्छता शपथ

- मैं शपथ लेता हूँ कि मैं स्वयं स्वच्छता के प्रति सजग रहूँगा और उसके लिए समय दूँगा ।
- हर वर्ष 100 घंटे यानी हर सप्ताह 2 घंटे श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करूँगा।
- मैं न गंदगी करूँगा न किसी और को करने दूँगा।
- सबसे पहले मैं स्वयं से, मेरे परिवार से, मेरे मुहल्ले से, मेरे गांव से एवं मेरे कार्यस्थल से शुरूआत करूँगा।
- मैं यह मानता हूँ कि दुनिया के जो भी देश स्वच्छ दिखते हैं उसका कारण यह है कि वहां के नागरिक गंदगी नहीं करते और न ही होने देते हैं । इस विचार के साथ मैं गांव–गांव और गली–गली स्वच्छ भारत मिशन का प्रचार करूँगा।
- मैं आज जो शपथ ले रहा हूँ, वह अन्य 100 व्यक्तियों से भी करवाऊँगा ।
- वे भी मेरी तरह स्वच्छता के लिए 100 घंटे दें, इसके लिए प्रयास करूँगा ।
- मुझे मालूम है कि स्वच्छता की तरफ बढ़ाया गया मेरा एक कदम पूरे भारत देश को स्वच्छ बनाने में मदद करेगा ।

## राष्ट्रीय मतदाता शपथ

"हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।"

## राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रमों की चित्रावली एवं समाचार पत्रों में छायांकन का विवरण

### इकाई– 01

(छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर)

**छत्रपति शाहू जी महाराज विशविद्यालय यूनिसेफ एवं विज्ञान फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से स्मार्ट युवा फिल्म फेस्टिवल का आयोजन**









vktknh ds ve`r egksRlo ds vUrxZr fofo/k dk;ZØeksa dk vk;kstu



















राष्ट्रीय सेवा योजना उन्मुखीकरण कार्यक्रम





# अमृत महोत्सव के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम
## दिनांक 10 से 15अगस्त 2022

✧ आवंटित गांव का नामः **भिंडूरी**














✧ 300 शब्दों की आख्या– कानपुर जनपद के भिंडूरी गाँव में छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालयके राष्ट्रीय सेवा योजना के वालंटियरस, प्रोग्राम ऑफिसर एवं ग्राम प्रधानके सहयोग से आजादी का अमृत महोत्सव 12 से 15 अगस्त के बीच पूर्ण भव्यता के साथ मनाया गया। विश्वविद्यालय द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव में भिंडूरी ग्राम में निम्नलिखित कार्यक्रम कराये गये।

**12 अगस्त 2022**

(i) भिंडूरी गाँव में नेत्र रोगियों की स्क्रीनिंग कर इलाज के लिये उन्हें चिन्हित किया गया।

(ii) भिंडूरी गाँव में सरकार की निम्न योजनाओं के संबंध में ग्रामवासीयों को जानकारी प्रदान किया गया :-

(a) आयुष्मान योजना

(b) प्रधानमंत्री आवास योजना

(c) राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन

(d) बाबा साहब अंबेडकर रोजगार प्रोत्साहन योजना

(e) राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान

(iii) ग्राम वासियों को तिरंगा झंडा वितरित किया गया।

**13 अगस्त 2022**

(I) राष्ट्रीय सेवा योजना के वालंटियरर्स एवं कार्यक्रम अधिकारी द्वारा प्रभात फेरी निकाली गयी। क्षेत्रवासियों में देश के प्रति निष्ठा एवं सम्मान की भावना को देखा गया, निश्चित ही आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत हुये विभिन्न क्रियाकलाप राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों को प्रेरणाप्रद शिक्षा प्रदान करने में सफल रहा।

(ii) स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के जीवन वृत्त से ग्रामीणों को अवगत कराया गया।

**14 अगस्त 2022**

(i) भिंडूरी गाँव के प्रधान के सहयोग से प्रति कुलपति एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के वालंटियर्स द्वारा 75 पौधों का रोपण किया गया।

(ii) भिंडूरी गाँव में सायंकाल ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया।

**15 अगस्त 2022**

(I) भिंडूरी गाँव के प्रधान के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना के वालंटियर्स द्वारा स्थानीय विद्यालय में झंडा रोहण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया।

✧ **राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वंय सेवकों का विवरण**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मुकेश कुमार सिंह | 2. | शाश्वत पांडे | 3. | अर्पिता विश्वकर्मा |
| 4. | प्रथम मिश्रा | 5. | मनन शुक्ला | 6. | निष्ठा सिंह |
| 7. | संजना निषाद | 8. | आंचल | 9. | मृत्युन्जय |
| 10. | जोया एजाज | 11. | श्रद्धा वर्मा | 12. | अदिति त्रिपाठी |
| 13. | श्रेया कनौजिया | 14. | हर्ष दीक्षित | 15. | शुभम पाल |
| 16. | प्रथम | 17. | नेहा | 18. | यशदत्त पांडे |
| 19. | शिवम | 20. | ईशिता | 21. | अनामिका |
| 22. | सुमित यादव | 23. | मनीषा | 24. | अर्पित वर्मा |
| 25. | शोभित कुमार | | | | |

✧ कार्यक्रम अधिकारी : **डा0 मानस उपाध्याय**

## समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरें



पौध रोपण करते कुलपति व अन्य।

### कुलपति ने गांवों में रोपित किये पौधे, स्वतंत्रता सेनानी सम्मानित

कानपुर, 14 अगस्त। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय की ओर से आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत विश्वविद्यालय से संबद्ध 7 जनपदों के 75 गांवों में स्थानीय प्रधान के सहयोग से राष्ट्रीय सेवा योजना के वालंटियर एवं कार्यक्रम अधिकारी की ओर से प्रति गांव 75 पौधों का रोपण किया गया। आज गांवों में आयोजित कार्यक्रमों में विवि के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक व अन्य अधिकारी भी शामिल हुए। सोमवार यानि 15 अगस्त को विश्वविद्यालय परिसर में राष्ट्रभक्ति पर आधारित डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन किया जाएगा। विवि के कुलपति ने चौबेपुर ब्लाक के गबड़हा गांव के पंचायत भवन में वृक्षारोपण कर कार्यक्रम की शुरुआत की एवं गांव के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिवारों को तुलसी का पादप देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर कुलपति ने विगत दिनों राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों द्वारा एकत्रित किए गए अनाज को गांव के गरीब परिवारों में वितरित किया गया। इसके उपरांत कुलपति ने सुनौढ़ा गांव में बंदी माता मंदिर परिसर में वृक्षारोपण किया एवं चौपाल में प्रतिभाग किया गया। भिठूरी एवं बगदादी बांगर गांव का भ्रमण भी किया और वहां वृक्षारोपण किया। इस दौरान वि वि के प्रति कुलपति प्रोफेसर सुधीर कुमार अवस्थी, नोडल अधिकारी डा प्रवीन कटियार, डॉ विवेक सिंह सचान, डॉ मानस उपाध्याय, डॉ स्नेह पांडे, डॉ पुष्पा ममोरिया, डॉ पंकज द्विवेदी, श्री शिवांशु सचान सहित समस्त राष्ट्रीय सेवा योजना के वॉलिंटियर्स एवं कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित थे।

### विश्वविद्यालय में सम्मानित होगे स्वतंत्रता सेनानियों के परिवार

कानपुर (एसएनबी)। आजादी के अमृत महोत्सव में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के मान-सम्मान के लिए सीएसजेएमयू के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक रविवार को स्वयं उनके दरवाजे पर पहुंचे हुए थे। चौबेपुर ब्लॉक के गबड़हा गांव में कुलपति प्रो. पाठक ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवारों से बात की और उन्हें विश्वविद्यालय में होने वाले कार्यक्रम के लिए न्योता दिया। प्रो. पाठक ने गबड़हा के 3 स्वतंत्रता सेनानियों के परिवार को उनके घर जाकर सम्मानित भी किया। प्रो. पाठक समेत विश्वविद्यालय की पूरी टीम ने 75 गांवों में 5625 पौधों का रोपण भी किया।

छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर में बीते 10 अगस्त को कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का शुभारंभ किया था। इसके तहत गांव-गांव नेत्र स्क्रीनिंग, कैंसर स्क्रीनिंग, एनिमिया स्क्रीनिंग आदि स्वास्थ्य जांच करायी जा रही है। स्वतंत्रता दिवस समारोह से एक दिन पहले



पौधरोपण करते विश्वविद्यालय कुलपति विनय कुमार पाठक।

**चौबेपुर ब्लॉक के गबड़हा गांव में कुलपति ने घर जाकर दिया न्योता**

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक, प्रति कुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी, वित्त अधिकारी पीएस चौधरी, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी, एनसीसी अधिकारी, विभिन्न विभागों के शिक्षक, कर्मचारियों ने अलग-अलग जनपदों में गांव-गांव दौरा किया। ग्राम प्रधानों के सहयोग से घर-घर तिरंगा बांटा। साथ ही हर गांव में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा एकत्रित किए गए अनाज को गांव के गरीब परिवारों में वितरित भी किया गया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी डॉ. प्रवीन कटियार, डॉ. विवेक सिंह सचान, डॉ. मानस उपाध्याय, डॉ. स्नेह पांडे, डॉ. पुष्पा ममोरिया, डॉ. पंकज द्विवेदी समेत एनएसएस के वॉलेंटियर्स एवं कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित रहे।

**मंधना और रामनगर के प्राइमरी स्कूलों को लिया गया गोद**

कानपुर (एसएनबी)। सामाजिक उत्तरदायित्व की दिशा में विश्वविद्यालय ने मंधना एवं रामनगर के कंपोजिट विद्यालयों को गोद लिया। इन दोनों जगहों के विद्यालयों में बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार, रोटरी क्लब के पदाधिकारियों साथ कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने निरीक्षण किया। विश्वविद्यालय अपने संसाधनों के माध्यम से इन दोनों विद्यालयों का कायाकल्प कर डिजिटली विकसित करेगा।

# इकाई– 02

(छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर)













# इकाई– 03

## (छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर)

छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना तृतीय कार्यक्रम अधिकारी डॉ. स्नेह पांडे द्वारा वर्षभर किये गए कार्यों का विवरण।

(1) दिनांक 14/04/2022 को बरसाइत पुर मलिन बस्ती में खाद्य पदार्थों का वितरण राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. स्नेह पांडे द्वारा किया साथ ही मलिन बस्तियों की महिलाओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

(2) 31 मई 2022 को तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर नशा मुक्ति विषय पर एक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

(3) 31/05/2022 को सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई तृतीय के स्वयं सेवकों को चालक सुरक्षा की शपथ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. स्नेह पांडे द्वारा दिलाई गई।

(4) दिनांक 05/06/2022 को पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में राष्ट्रीय सेवा योजना तृतीय स्वयंसेवकों द्वारा पोस्टर मेकिंग एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं राष्ट्रीय स्वयं सेवकों द्वारा नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति भी की गई।

(5) दिनांक 14जून 2022 को रक्तदान दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई तृतीय के स्वयं सेवकों द्वारा रक्तदान किया गया।

(6) 24 जून 2022 को योग महोत्सव के अंतर्गत पदम श्री भारत भूषण द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी द्वारा सम्मान प्राप्त किया गया

(7) साक्षरता निकेतन लखनऊ में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. स्नेह पांडे द्वारा दिनांक 02/08/2022 से 08/08/2022 तक सात दिवसीय आवासीय राष्ट्रीय सेवा योजना का प्रशिक्षण प्राप्त किया तथा राष्ट्रीय सेवा योजना का प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्राप्त किया गया

(8) 10 अगस्त 2022 को आजादी के अमृत महोत्सव के उपरांत राज्यपाल महोदया आनंदीबेन पटेल द्वारा 75 गांवों में नेत्र परीक्षण शिविर कैम्प का उद्घाटन किया गया। इसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा कार्यक्रम अधिकारी डॉ स्नेह पांडे ने प्रतिभाग किया।

(9) दिनांक 12 से 15 अगस्त 2022 को सुनौढ़ा गांव की आबादी के हर घर तिरंगा के अंतर्गत कार्यक्रमों का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना तृतीय के स्वयंसेवी एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ स्नेह पांडे द्वारा किया गया।

(10) 30 अगस्त 2022 को नेतृत्व विकास पर एक कार्यशाला का आयोजन डॉ. स्नेह पांडे द्वारा किया गया, इसमें राष्ट्रीय सेवा योजना तृतीय के स्वयं सेवकों ने भी प्रतिभाग किया मुख्य वक्ता डॉ. सोनल कुमार द्वारा कराया गया।

(11) 17/09/2022 को राष्ट्रीय पोषण सप्ताह का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के सेवकों एवं कार्यक्रम अधिकारी द्वारा कराया गया जिसमें राष्ट्रीय पोषण विषय पर एक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत मा. कुलपति जी प्रो. विनय कुमार पाठक द्वारा सुनौढ़ा गांव में ऐतिहासिक बन्दी माता मंदिर गंगा तट पर वृक्षारोपण कर झण्डा उँचा रहे हमारा गायन में प्रतिभाग किया गया।





30 अगस्त 2022 को नेतृत्व विकास पर एक कार्यशाला का आयोजन डॉ. स्नेह पांडेय द्वारा किया गया, इसमें राष्ट्रीय सेवा योजना तृतीय के स्वयंसेवकों ने भी प्रति भाग किया मुख्य वक्ता डॉ सोनल कुमार द्वारा कराया ।






दीप जलाते मुख्य अतिथि व अन्य।

## जीवन में शामिल करें दया करुणा और नैतिकता

कानपुर, 30 अगस्त। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में मंगलवार को शिक्षा विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में नेतृत्व कौशल पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। पं. दीनदयाल सभागार में हुए इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ सोनल कुमार ने युवाओं के नेतृत्व कौशल के विभिन्न पक्षों पर प्रकाश डाला तथा अपने व्यक्तित्व को परिवर्धित करने पर बल दिया। डॉ सोनल ने कहा कि दया, करुणा नैतिकता जैसे मूल्यों को जीवन मे शामिल कर अपने भविष्य को उन्नत किया जा सकता है। इस दौरान मुख्य अतिथि निदेशक डॉ आर के द्विवेदी, डॉ रश्मि गोरे, डॉ स्नेह पांडेय, डॉ विमल सिंह



## नगर में कई जगह हुआ रक्तदान, हैलट में सर्वाधिक 156 यूनि

कानपुर/बाँदा अमन यात्रा
कानपुर देहात, मंगलवार 31 मई, 2022 3
www.amanyatralive.com

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में तंबाकू के दुष्प्रभावों के संबंध में जागरूकता आयोजित



साक्षरता निकेतन लखनऊ में कार्यक्रम अधिकारी डॉ स्नेह पांडे द्वारा दिनांक 02/08/2022 से 08/08/2022 तक सात दिवसीय आवासीयराष्ट्रीय सेवा योजना का प्रशिक्षण प्राप्त किया तथा राष्ट्रीय सेवा योजना का प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्राप्त किया गया

## EMPANELLED TRAINING INSTITUTE (E.T.I.)
## NATIONAL SERVICE SCHEME

SPONSORED BY MINISTRY OF YOUTH AFFAIRS AND SPORTS, GOVT. OF INDIA

**INDIA LITERACY BOARD**

LITERACY HOUSE, LUCKNOW- 226023, INDIA

### Certificate

ETVBatch-3 P.O. Regn. Code - 23


This is to certify that **DR. SNEH PANDEY**, Programme Officer, NSS of **Chhatrapati Shahu Ji Maharaj University, Kanpur, U.P.** has successfully completed the required **TRAINING PROGRAMME** for the Programme Officers of National Service Scheme, sponsored by the Ministry of Youth Affairs and Sports, Govt. of India from 02.08.2022 to 08.08.2022 at India Literacy Board, Literacy House, Lucknow.

( R.C. Yadav )
I/c E.T.I.

( Sandhya Tewari )
Director











टी0बी से ग्रसित मरीज इरफानी को गोद लिया गया उसे पोषण का पैकेट भी दिया गया

आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत सुनौढ़ा गांव में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई तृतीय द्वारा ग्राम वासियों से अन्न दान कराया गया ।





# Unit - 04

(C.S.J.M. University, Kanpur)

This is the fourth unit of the University campus in UIET. We believe and follow the ideology of NSS, is **'Education Through Service'**. Here students learn **community before self** and can serve society without any discrimination. This unit is continuously working for the welfare of society, in which volunteers of this unit started teaching poor children outside of the university campus and contributing to collecting old clothes to distribute to poor people.

Following are the volunteer's names for unit 4:

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| SHIV MOHAN | HASHIM | KUSHAGRA | AVYA | AKHILESH KUMAR | SUSHEEL | AKASH |
| HARSHENDRA | ETUISHAM | MANAS | MAHAK | ANANT KUMAR | PRINCE PAL | ABHAY |
| ALOK KUMAR | SHUBHAM | ABHAY | EJAZ | ADITYA | | KRATI |
| DIVYANSHI | SIDHHRATH | NITYA | JAYA | DEVANSHI | AYUSH | SHESH |
| ANURAG | RISHABH | ANUBHAV | ALOK | ARUSHI | AYUSH | ARCHITA |
| KAPIL DEV | MANSHI | ASMIT | KRATI | ATUL | PRIYAM | SSHRUTI |
| CHARANJEET | VAIBHAV | SHIVANI | MANYA | HASEEB | PARUL | ABHAY |
| KRISHAN SINGH | RAJ | SHIKHA | AYUSHI | PEATEEK | RIYA | VISHAL |
| HIMANSHI | NIKHIL KUMAR | ADARSH | HARSHIT | RAHUL | ANU | KOMAL |
| SHIVANGI | AADIL | ABHISHEK | NIKHIL | JUHI | ANJALI | ALIOSH |
| PRIYANSHI | ANSH | ANURUDHH | SANVI | ALISH | KAVYA | RAGINI |
| ABHISHEK | AJAY | KAREEM | RUNJHUN | RANJANA | SUPRIYA | |
| AAKANKSHA | ABHIJIT | NIKHIL | HARSHIT | ALOK KUMAR | SHIVANI | |
| ANURADHA | CHANDAN | HARSHIT | AMAN | RIYA | NANDANI | |
| NIDHI | KRISHAN | KRISHNA I | DEEPAK | ADITYA KUMAR | MOHIT | |
| SAKSHI | AKSHAT | ABHISHEK | HARENDRA | AMISHA | ATUL | |
| PRITI | AANKUR | SATYAM | PALAK | ANJALI | SAMEER | |

following are the lists of Unit 4 Programs completion in this year:

**14TH April 2022:**

1. Talk organised onBabasaheb Bhimrao Ambedkar Jayanti and Mahavir swami Jayanti 2. Food Distribution in Basti








**1st May 2022 :**

1. Labor Day and Samrasta Bhoj 2. Inauguration of Creche for Poor Labour Child











**30th May 2022:**

1. International no Tobacco day: Talk & Pledge








**14th June 2022:**

World Blood Donor Day













21st June : Yoga Day







**10th August 2022:**

1. Inauguration of Ajadi Ka Amrit Mahotsav
2. Press Conference by Honorable VC Sir














**12th to 15th August:**

Four Days visit: Ajadi Ka Amrit Mahotsav

Village - Udetpur Bithoor






सचिवालय














Visited Composite School, Mandhna, Kanpur, under the learning of Community Engagement methodology in Social Work education








Visited Ramel nagar village and did study of resource map, also visited Bagdodi banger village and did study of infrastructure of this village.







# राष्ट्रीय सेवा योजना अन्तर्गत छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में आयोजित कार्यक्रमों की चित्रावली एवं समाचार पत्रों में छायांकन का विवरण

# ए0एन0डी0 कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना वार्षिक आख्या

## सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियानः शपथ दिलाकर छात्राओं को दी अलख जगाने की ज़िम्मेदारी

दैनिक कानपुर उजाला





कानपुर। आचार्य नरेंद्र देव नगर निगम महिला महाविद्यालय की दिशा यातायात प्रकोष्ठ तथा राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एन सी सी के तत्वाधान में उत्तर प्रदेश राज्य सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत जन सामान्य को सड़क सुरक्षा के लिए जागरूकता अभियान चलाया प्राचार्य डॉ ऋतंभरा ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आप भविष्य के निर्माता है आप सभी को सड़क सुरक्षा अभियान का हिस्सा बनकर जन सामान्य को जागरूक करना चाहिए।इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ संध्या शर्मा ने छात्राओं को बताया कि हमें यातायात जागरूकता अभियान की जरूरत क्यों पड़ी और जीवन का एक अभिन्न अंग यातायात कैसे है उन्होंने यह भी बताया कि एक अच्छा यातायात एक अच्छे पर्यटन को जन्म दे सकता है ।उन्होंने सड़क हादसों मेंदिवंगत हुए लोगों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। छत्र्य् प्रभारी लैफ्टिनेंट डॉ मंजू भारती ने यातायात के सामान्य नियम नियमों की जानकारी दी कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य द्वारा शपथ दिलाकर छात्राओं को इस अलख को जगाने की जिम्मेदारी दी इस कार्यक्रम में लगभग 60 छात्राओं ने भाग लिया इस अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम की छात्राओं ने एक रैली भी निकाली । यातायात सेल की प्रभारी डॉ प्रीति त्रिवेदी ने तथा अन्य समिति सदस्यों ने जागरूकता अभियान के अंतर्गत अपने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाली ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग जागरूक हो सकें ।

## सात दिवसीय शिविर में छात्राओं को दी गंगा से जुड़ी पौराणिक जानकारी

दैनिक कानपुर उजाला





कानपुर। आचार्य नरेंद्र देव नगर निगम महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम के सात दिवसीय शिविर में बाबा भोलेनाथ का आशीर्वाद ले कर गंगा सफ़ाई की सर्व प्रथम छात्राएँ आनन्देश्वर मँदिर के परिसर में एकत्रित हुई । बाबा की पूजा अर्चना कर गंगा के किनारे पड़ी गंदगी ख़ास तौर से वह मूर्तियां जिन्हें लोग आस्था के नाम पर गंगा में विसर्जित कर जाते हैं तथा उनके साथ अन्य सामान भी ए मूर्तियों को उठाकर वहीं गड्ढे खोदकर कर उनको दबाया तथा गंदगी को नमामि गंगे अभियान से जुड़े सफ़ाई कर्मचारियों के साथ मिलकर साफ़ किया। मुस्लिम छात्रा तब्बसुम नाज़ ने यह कार्य बड़े ही मनोयोग से किया और एक उदाहरण सबके सामने रखा की सर्व धर्म की भावना हमें राष्ट्रीय सेवा योजना सिखाती है । इसके उपरांत छात्राओं ने गंगा माँ की नाव द्वारा सैर कर उन्हें अपनी श्रद्धा अर्पित की द्वितीय सत्र में छात्राओं को अंक शास्त्र का ज्ञान पुनीत आर शर्मा द्वारा बड़े ही रोचक ढंग से दिया गया । साथ ही इस क्षेत्र में अब मैं अपना करियर कैसे बना सकती है तथा अंकों की जादू का महत्व बताया अंक जीवन में कितना प्रभावित करते हैं इस पर प्रकाश डाला ।इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम की कार्यक्रम अधिकारी डॉ संध्या शर्मा ने छात्राओं को गंगा का जीवन में महत्व तथा गंगा से जुड़ी पौराणिक जानकारी छात्राओं को दी तथा गंगा का सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व क्या है समझाया। कार्यक्रम में सलोनी सिंह अंकिता तिवारी, मानसी, अंजली, शिवानी, श्रुष्टि अपेक्षा, प्रिया, तनीशा, रोली इत्यादि ने बढ़ चढ़कर कार्य किया।


## छात्राओं को पर्सनैलिटी डेवलपमेंट के गुण समझाए

दैनिक कानपुर उजाला



कानपुर। आचार्य नरेंद्र देव नगर निगम महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम की सात दिवसीय शिविर के दौरान प्रार्थना, योग, लक्ष्य गीत तथा दीप प्रज्वलित कर दिन की शुरुआत की हमारी की विशेष वक्ता साथ ही पुनीत शर्मा ने स्वयं सेविकाओं को पर्सनैलिटी डेवलपमेंट क्या होता है यह समझाया पर्सनालिटी कितनी तरह की होती है उसे कैसे निखारें इसके गुण समझाए। बहुत एक्टिविटी कराई ताकि छात्राएँ अपनी व्यक्तित्व में छिपी हुई प्रतिभाओं को समझें खेल खेल में काफी महत्वपूर्ण जानकारी उनके द्वारा प्रदान की गई। प्राचार्य डॉक्टर ऋतंभरा ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की तथा छात्राओं के उज्जवल भविष्य की ओर अपने व्यक्तित्व को निखार कर आगे बढ़ें और समाज में अपनी पहचान बनायें ऐसे आशीर्वचन से ही छात्रों का उत्साहवर्धन किया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम की कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर संध्या शर्मा ने कहा कि व्यक्ति का व्यक्तित्व बहुत ही अनोखा होता है उसमें अनेक रंग समाहित होते हैं । प्रत्येक व्यक्ति को अपनी कमियों और खूबियों को समझकर अपने व्यक्तित्व को निखारना चाहिए डॉक्टर निशा वाली इकाई प्रथम की सदस्यता ने छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य समझाते हुए छात्राओं को उत्साहित किया और छात्राओं में आपस में कोऑर्डिनेशन क्या मतलब समझाया आपके में तो हम सभी रह लेते हैं इस शिविर का उद्देश्य क्या है ये बताया । इस शिविर में लगभग 50 छात्राओं ने अपना सहयोग प्रदान किया।

## वेर का समापन



# छात्राओं को समझाया कैसे और कहाँ करें निवेश

## शिविर में शक्ति का प्रतीक माँ दुर्गा का हवन के साथ किया आवाहन





दैनिक कानपुर उजाला

कानपुर। आचार्य नरेंद्र देव नगर निगम महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम की सात दिवसीय शिविर में शक्ति का प्रतीक माँ दुर्गा का हवन के साथ आवाहन किया गया । कार्यक्रम में प्रथम वक्ता डॉ मनोरमा असिस्टेंट प्रोफ़ेसर आचार्य नरेंद्र देव नगर निगम महाविद्यालय ने शिविर में हमारी संस्कृति और हमारी त्योहारों का क्या महत्व है आज की परिवेश में तथा मानसिक स्वास्थ्य और हमारा वातावरण कैसे स्वस्थ रह सकता है 7 इस पर एक व्याख्यान दिया तथा हवन कराकर यह उदाहरण दिया कि नारी हर प्रकार के लिए सक्षम है । हमारी दूसरी वक्ता रही श्रीमती अंशुमा वाजपेयी चार्टर एकाउंटेंट सिंगापुर उन्होंने सशक्तिकरण गजब उदाहरण देते हुए कहा कि एक स्त्री अपने परिवार की पारिवारिक आर्थिक स्थिति को बचपन से ही मजबूत कर सकती है और अपने भविष्य को अपने परिवार के भविष्य को सुरक्षित कर सकती है छात्राओं को समझाया कि निवेश कैसे करें और कहाँ करें जिससे भविष्य सुरक्षित हो । छात्राओं को बड़े ही रोचक तरीके से ही इनके उदाहरण देकर उनको छोटी छोटी निवेशकों के बारे में जानकारी दी । महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ ऋतम्भरा ने छात्राओं को शुभकामना देते हुए कहा छात्राएं अपनी धरोहर और अपना भविष्य सुरक्षित करना चाहती है तो राष्ट्रीय सेवा योजना से अच्छा कोई मंच नहीं है इस तरह के शिविर में ज्यादा से ज्यादा छात्राओं को शिरकत करनी चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम की प्रभारी डॉ संध्या शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना में हमारी संस्कृति परिलक्षित होती है ।और छात्राएं इससे अपने परिवार समाज और राष्ट्र के लिये बहुत कुछ सीखकर कर सकती है इस शिविर में लगभग 50 छात्राओं ने सहभागिता की जिनमें प्रमुख रूप से अंकिता तब्बसुम मुस्कान श्रुति मानसी अंजली प्रिया तनीषा शिवानी नेहा सौम्या इत्यादि ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

# छात्राओं को जैविक कृषि के बारे में दी जानकारी




दैनिक कानपुर उजाला

कानपुर। आचार्य नरेंद्र देव कर निगम महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई प्रथम के सात दिवसीय शिविर के दौरान प्रार्थना और दीप प्रज्वलित करके दिन का प्रारंभ किया। आज के मुख्य अतिथि सहायक निदेशक प्रभारी एफएफडीसी डा0 भक्ति विजय शुक्ला रहे उन्होंने छात्राओं का मनोबल ऊँचा करते हुए बताया की लघु उद्योग से हम आत्मनिर्भर कैसे बने सकते है विशेष वक्ता डा0 विपिन शुक्ला ;नौसेना ऑर्गेनिक्स बिठूर द्धरहे जिन्होने छात्राओं को जैविक कृषि के बारे तथा कैसे हम घरों में शुद्ध सब्जियां व फल उगा सकते हैं तथा अपने पेड़ पौधो को प्राकृतिक रूप से कैसे देख भाल कर सकते है स्वयं सेविकाओं को महत्त्वपूर्ण जानकारी दी। तथा छात्राओं ने प्रश्नोत्तरी के माध्यम से अपनी जिज्ञासाओं को शांत किया और अपना ज्ञान वर्धन किया । राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम की प्रभारी डा0 संध्या शर्मा ने अपने पर्यावरण से संबंधित कई अनुभव बताये तथा वह प्राकृतिक रूप किस तरह अपने पेड़ पौधों का संरक्षण करती है इस बारे में छोटे छोटे टिप्स छात्राओं को बताये है कार्यक्रम में मुख्य रूप से डा0 जवाकुसुम सिंह डा0 निशा सिवाल राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम की सदस्य के रूप में उपस्थित रहीं और लगभग 50 छात्राओं ने प्रतिभागिता किया ।

# हैंडलूम एक्सपो में गूंजे गीता के श्लोक



दैनिक कानपुर उजाला

कानपुर। बृजेंद्र स्वरूप पार्क में एक्सपो हैंडलूम में प्रथम बार भगवद्गीता के प्रथम अध्याय का पारायण किया गया, असिस्टेंट प्रोफ़ेसर संस्कृत विभाग. आचार्य नरेन्द्र देव नगर निगम महिला महाविद्यालय तथा संस्कृतभारती की महानगर की शिक्षण प्रमुखा मनोरमा ने बहुत ही सुंदर स्वर में यहाँ भगवद्गीता श्लोकों का गान किया, साथ ही प्रत्येक स्टॉल व भ्रमण के लिए आये हुए हजारों लोगों को संस्कृतभारती की ओर से निशुल्क भगवद्गीता का वितरण भी किया गया 7 कार्यक्रम में प्रकाश झा, आचार्य नरेन्द्र शास्त्री, डॉ सत्तो देवी, पं ऋषभ मिश्र, आकाश तिवारी, आयुश शुक्ल, अजित श्रीवास्तव, अमरनाथ, आदि उपस्थित रहे ।

# छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाये



दैनिक कानपुर उजाला

कानपुर। आचार्य नरेन्द्र देव नगर निगम महिला महाविद्यालय, में मिशन शक्ति के तृतीय चरण के अन्तर्गत छात्राओं को सुदृढ़ एवं स्वावलम्बी बनाने हेतु आत्मरक्षा सुरक्षा विषय पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम एवं रोटरी ब्रह्मवर्त क्लब के संयुक्त तत्वाधान में तीन दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन रोटरी इन्टर नेशनल के निवर्तमान मण्डलाध्यक्ष रोटेरियन दिनेश चन्द शुक्ला द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया। छात्राओं को रवि शंकर शुक्ला, रायपुर विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ के डीन व फिजिकल एजुकेशन विभाग के प्रो0 राजीव चौधरी ने आत्मरक्षा के गुर सिखाएं। उन्होंने बताया कि कैसे वह अकेली होने के बाद भी अपनी सुरक्षा कर सकती है इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ0 ऋतम्भरा डॉ0 संगीता अवस्थी श्रीमती उदिता शर्मा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम की प्रभारी डॉ0 संध्या शर्मा ने छात्राओं और महिलाओं में आत्मनिर्भरता के इस अलाव को जगाने के लिये निरन्तर प्रयास करने की शपथ लेकर छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई ने जरूरतमंदो को बांटे गर्म कपड़े



दैनिक कानपुर उजाला

## कार्यशाला में प्रतिभाग करने वाली छात्राओं को मिले प्रमाण पत्र

दैनिक कानपुर उजाला



## सपा व्यापार सभा का सम्मेलन 5 दिसम्बर को

दैनिक कानपुर उजाला

## कार्यशाला में प्रतिभाग करने वाली छात्राओं को मिले प्रमाण पत्र

दैनिक कानपुर उजाला



## छात्राओं को दी विधिक जानकारी




**दैनिक कानपुर उजाला**

**कानपुर।** आचार्य नरेंद्र देव नगर निगम महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम द्वारा मिशन शक्ति तृतीय चरण के अंतर्गत विधिक जानकारी स्वयं सेविकाओं को दी गई कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ ऋतंभरा ने किया विशिष्ट वक्ता डॉ आकांक्षा ने महिला अधिकारों से स्वयं सेविकाओं को अवगत कराया इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक नज़ीराबाद संतोष सिहं ने रैगिंग करने पर क्या क्या सजा मिल सकती है तथा छात्राएँ अपना बचाव किस तरह कर सकती है इसके बारे में छात्राओं को समझाया इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम की प्रभारी डॉ संध्या शर्मा ने छात्राओं से अपील की डॉ निशा सिवाल ने धन्यवाद ज्ञापन किया और महाविद्यालय की चीफ़ प्रॉक्टर डॉ संगीता अवस्थी ने भरपूर सहयोग प्रदान किया ।

## छात्राओं को सिखाए आत्मरक्षा के गुर

दैनिक कानपुर उजाला



## गणतंत्र दिवसः नगर आयुक्त ने किया पौधारोपण




**दैनिक कानपुर उजाला**

कानपुर। आचार्य नरेंद्र देव नगर निगम महिला महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस पर झंडारोहण के साथ पौधरोपण भी किया गया। कालिज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम एवं पर्यावरण प्रकोष्ठ के द्वारा हरा भरा परिसर करने हेतु पौधरोपण का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि नगर आयुक्त अक्षय त्रिपाठी व अपर नगर आयुक्त भानु प्रताप सिंह ने अशोक का पेड़ लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर कालेज की प्राचार्य डा. ऋतंभरा, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम एवं पर्यावरण की प्रभारी डा. संध्या शर्मा, ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम की सभ सेविकाओं ने पौधारोपण किया। तथा पर्यावरण को स्वच्छ एवं सम्पन्न बनाने हेतु प्रयास करने की शपथ ली। इस अवसर पर डाक्टर जवाकुसुम सिंह डाक्टर निशा डाक्टर अंकिता अवस्थी डाक्टर अंजना सोनकर डाक्टर आकांक्षा श्रीमती मनोरमा डाक्टर अर्चना आनंद मौजूद रहे।

# छात्राओं ने प्लास्टिक के खिलाफ शुरू किया जागरूकता अभियान



दैनिक कानपुर उजाला

कानपुर। आचार्य नरेंद्र देव नगर निगम महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई की ओर से एक दिवसीय स्वच्छ भारत अभियान चलाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ संध्या शर्मा के नेतृत्व में छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में सिंगिल यूज़ प्लास्टिक जैसे पानी की बोतल कोल्ड ड्रिंक की बोतल इस्तेमाल हुए प्लास्टिक का कलास नमकीन चिप्स बिस्किट के रैपर और पॉलीथिन आदि को इकट्ठा किया है डॉक्टर शर्मा ने कहा कि हम इस गतिविधि को महाविद्यालय परिसर तक सीमित नहीं रखेंगे बल्कि आस पास के परिवेश को भी साफ़ रखते हुए हम 31 अक्टूबर तक इस अभियान को सुचारु रूप से चलाएंगे कार्यक्रम में 34 छात्राओं ने भाग लिया इस अवसर पर डॉक्टर जवाकुसुम सिंह डॉक्टर निशा से बाल डॉक्टर मनोरमा उपस्थित रहीं ।

# एनएसएस के स्थापना दिवस पर एएनडी कालेज यूनिट को मिला गोल्ड मेडल



# घरों में दस्तक देकर वैक्सीन के लिए किया प्रेरित



दैनिक कानपुर उजाला

कानपुर। आचार्य नरेंद्र देव नगर निगम महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम की छात्राओं द्वारा टीकाकरण उत्सव जागरूकता अभियान के तीसरे दिन पांडु नगर, राम चरन की मड़िया, एम पी मिल का हाथा सर्वोदय नगर में चलाया गया छात्राओं ने टीकाकरण के लिए लोगों को प्रेरित किया बिना मास्क के जो व्यक्ति मिले उन्हें मास्क और सैनिटाइजर वितरित किए। घर-घर जाकर हाथ धुलाई कैसे करें समझाया। डा. संध्या शर्मा ने बताया कि लगभग100 लोगों को टीकाकरण के लिए मोटिवेट किया। शारीरिक दूरी मास्क और सैनिटाइजर को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएँ इस बात पर जोर दिया। कार्यक्रम में पार्षद नीरज बाजपेयी ने पूर्ण सहयोग प्रदान किया तथा छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

# वैक्सीन सेंटर में कराया कोविड प्रोटोकाल का पालन



- एनएसएस की छात्राओं ने ग्वालटोली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहे वैक्सीनेशन में किया सहयोग
- वैक्सीन लगवाने आये लोगों को बताया कोविड प्रोटोकाल

दैनिक कानपुर उजाला

कानपुर। आचार्य नरेन्द्र देव नगर निगम महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम की स्वयंसेविकाओं द्वारा टीकाकरण उत्सव जागरूकता अभियान के चौथे दिन नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ग्वालटोली-1 में टीकाकरण में सहयोग प्रदान किया। छात्राओं ने टीकाकरण केंद्र पर जाकर लोगों को शारीरिक दूरी के साथ बिठाया तथा समय-समय पर सैनिटाइजर से हाथों को साफ करवाया। वृद्ध लोगों का सहयोग किया तथा मास्क बांटे। बुजुर्गों के रजिस्ट्रेशन कार्ड चस्पा कर उनका रजिस्ट्रेशन करा कर वैक्सीन लगवाई। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम प्रभारी डा0 सन्ध्या शर्मा ने भी वैक्सीन लगवाने में महिलाओं की मदद की तथा उन्हे वैक्सीन से होने वाले लाभ बताये तथा अगली डोज पर आने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य अधिकारी डा0 हमी मलहोत्रा तथा उनके सहयोगियों ने पूर्ण सहयोग प्रदान किया तथा राष्ट्रीय सेवा योजना की टीम का उत्साह वर्धन किया। इस कार्य क्रम में कु0 अंकिता, कु0 मानसी, कु0प्रिया, कु0 अंजली ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

# 21 शिक्षकों को नेशन बिल्डर अवार्ड




शिक्षकों को नेशन बिल्डर अवार्ड से सम्मानित करते एमएलसी अरुण पाठक ।

दैनिक कानपुर उजाला

कानपुर। रोटरी क्लब ब्रह्मावर्त की ओर से रविवार को मोतीलाल खेड़िया में शिक्षक दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें शहर के 21 शिक्षकों को नेशन बिल्डर अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि विधायक अरुण पाठक ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सम्मान समारोह में राशि पाठक, हरमीत कौर भाखा, रत्ना पाठक, डॉ सुधांशु राय, सौरभ मिश्र, विशाल तिवारी आदि शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष प्रीति अवस्थी, सचिव अरुण सिंघानिया, एसपी अग्रवाल, विनय खंडेलवाल, अतुल अग्रवाल, भक्ति विजय शुक्ला, सारिका देखने, संचालन संध्या शर्मा ने किया।

# एएनडी की एनएसएस ईकाई ने टीकाकरण के लिये चलाया जागरूकता अभियान

दैनिक कानपुर उजाला



कानपुर। आचार्य नरेंद्र देव नगर निगम महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम की स्वयं सेविकाओं द्वारा टीकाकरण उत्सव जागरूकता अभियान राजापुरवा लोहारन का भट्ठा मलिन बस्ती में चलाया गया छात्राओं ने बस्ती के घर घर जाकर कोविड वैक्सीन लगवाने की अपील की और टीकाकरण से जुड़ी भ्रांतियों का निवारण भी किया 7 छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के द्वारा कोविड महामारी के दुष्प्रभाव को रोकने के लिए वैक्सीन लगवाने के प्रेरित किया। लोगों से अपील की परिवार में पास-पड़ोस, रिश्तेदार जो भी 45 वर्ष या इससे ऊपर के है उन्होंने अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल में जा कर निशुल्क लगवा सकते है। इससे कोई भी नुकसान नहीं है। भीड़भाड़ वाली जगह पर जाने से बचे व शारीरिक दूरी बनाए रखने के साथ मास्क और सैनिटाइजर का प्रयोग करें एवं हाथों को साबुन से बार-बार धुलते रहे। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संध्या शर्मा ने लोगों को मास्क वितरण किया। इस कार्यक्रम में सर्वोदय नगर वार्ड नंबर 64 के पार्षद नीरज बाजपेयी ने सहयोग किया और हर संभव मदद का भरोसा दिया। किसी को टीकाकरण में कोई दिक्कत हो तो वह पार्षद को अपनी समस्या बता सकता है । इस अभियान में 8 आठ के समूह में स्वयं सेविकाओं ने कार्य किया कार्यक्रम अधिकारी डॉ संध्या शर्मा ने महिलाओं और बच्चों को कोविड से बचाव के उपाय बताइए और टीका लगवाने के लिए प्रेरित किया इस कार्यक्रम में कुमारी अंजलि सोनकर ,अपेक्षा अस्थाना ,मानसी सोनकर ,सृष्टि, नेहा मौर्या ,अंजली यादव ,प्रेया ,मुस्कान गुप्ता आदि छात्राओं ने बढ़ चढ़कर योगदान दिया।








टीकाकरण उत्सव
Let's Get Vaccinated









## राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई ने जरूरतमंदो को बांटे गर्म कपड़े




निक कानपुर उजाला

कानपुर। आचार्य नरेन्द्र देव नगर ...थम महिला महाविद्यालय की ...ष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम ...रा राजा पुरवा मलिन बस्ती में ...रूरतमंद लोगो को गर्म कपड़े व कम्बल बांटे गए। सेवा योजना के तहत आईये बांटे थोड़ी गर्माहट के जरिए जरूरतमंद लोगों को गर्म कपड़े दिए गए। सर्दी से ठिठुर रहे लोगो को जब कपड़े मिले तो उनके चेहरे खुशी से चमक उठे। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डा. संध्या शर्मा ने कहा कि इस अभियान के तहत जरूरतमंद लोगो की मदद होती है साथ ही आत्म सुख की प्राप्ति भी । इस मुहिम में सभी को बढ़चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। और समाज में जरूरतमंद लोगों की मदद करनी चाहिए। थोड़ी सी गर्माहट हमें दिलो में लानी चाहिए और समाज सेवा को तत्पर रहना चाहिए और राष्ट्रीय सेवा योजना का ध्येय ही समाज सेवा है और वह इसी के तहत ही काम करती है और इसमें काम करने वाला हर स्वयंसेवक अपने आपको भाग्यशाली समझता है इस मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रभारी डा. संध्या शर्मा ,सचित आनंद,अजंली सोनकर ,अपेक्षा अस्थाना ,मानसी सोनकर ,कोमल विश्वकर्मा, शिवानी यादव अंकिता गौतम, नेहा मौर्या, सृष्टि आदि उपस्थित रही। इस मुहिम को आगे भी क्रियान्वयन किया जाएगा इस संकल्प के साथ स्वयं सेविकाओं ने आज की मुहिम का आगाज़ किया।

## योग से निखरता है व्यक्तित्व



कानपुर। योग से मनुष्य के व्यक्तित्व में निखार आता है। इसे दिनचर्या में शामिल करें। ये बातें पं. रवि शंकर शुक्ला रायपुर विश्वविद्यालय से आए प्रो. राजीव चौधरी ने एएनडी कॉलेज में मिशन शक्ति अभियान के तहत हुए कार्यक्रम में कही। गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम की ओर से कार्यशाला का समापन हुआ। इसमें नगर आयुक्त शिव शरणप्पा जीएन ने हर्षिता यादव, मुस्कान गुप्ता, मोहिनी, तबस्सुम नाज, अंकिता तिवारी, शिवानी यादव, आर्या कटियार, श्रेया को सम्मानित किया। संचालन डॉ. संध्या शर्मा ने किया। यहां प्राचार्य डॉ. ऋतंभरा, डॉ. निशा सिवाल, रोटरी क्लब के अरुण सिंहानिया, डॉ. भक्ति विजय शुक्ला, सुरेंद्र राठौर आदि मौजूद रहे। (ब्यूरो)








# बाबू जयशंकर प्रसाद महाविद्यालय, उन्नाव, कानपुर

राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत शिक्षा और साक्षरता स्वास्थ्य परिवार कल्याण, पोषण, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक सेवा, महिलाओं की स्थिति में सुधार, उत्पादन उन्मुख कार्यक्रम, आपदा राहत, सामाजिक बुराइयों के खिलाफ अभियान, डिजिटल भारत, कौशल भारत, योग इत्यादि जैसे प्रमुख कार्यक्रम समय–समय पर कराये जाते है।










# क्राइस्ट चर्च कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना की वार्षिक आख्या



क्राइस्ट चर्च पीजी कालेज...


## सरस्वती वंदना के साथ वार्षिक दिवस का आयोजन

कंपूमेल ब्यूरो

कानपुर। क्राइस्ट चर्च पीजी कालेज में वार्षिक दिवस का आयोजन हुआ। जिसमें छत्रपति शाहूजी महाराज के रजिस्ट्रार डा. अनिल कुमार यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार तथा कालेज के प्राचार्य डा. जोसेफ डेनियल तथा एनएसएस प्रोग्राम आफिसर डा. सुनीता वर्मा के निर्देशन में हुआ। इसके बाद स्वयंसेवकों द्वारा सरस्वती वंदना हुई। मुख्य अतिथि तथा हमारे कालेज के प्राचार्य ने उपस्थित सभी लोगों को संबोधित किया। स्वयंसेवकों को ट्राफी तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत गणेश वंदना तथा स्वयंसेवकों ने एनएसएस योजना के विषय में विस्तृत रूप से अवगत कराया। कार्यक्रम का समापन एनएसएस का लक्ष्य गीत गाकर हुआ। कार्यक्रम अधिकारी डा. सुनीता वर्मा ने सभी स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन किया। इस मौके पर एनएसएस के मुख्य हर्षवर्धन दीक्षित, खुशी मल्होत्रा, समन्वयकों आयुषी पाठक, आयुष कुमार, एनएसएस की टीम में अरबाज खान, मोमिन अली, विलायत फातिमा आदि लोग मौजूद रहे।


*सड़क सुरक्षा जागरूकता*







आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत आज दिनांक 28 मई 2022 को "क्राइस्ट चर्च पी.जी कॉलेज"में सड़क सुरक्षा जागरूकता के अनुपालन में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इसका आरंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ जोसेफ डेनियल तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुनीता वर्मा के निर्देशन में हुआ।परोपकार सेवा समिति से आए हुए अधिकारी श्रीमान शिव सिंह चौहान द्वारा छात्र एवं छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई।यातायात नियमो के बारे में बताया साथ ही उसके उपयोग बताएं और सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं से अवगत कराया साथ ही बताया 18 वर्ष पूर्ण होने के बाद ही वाहन चलाएं,अपना ड्राइविंग लाइसेंस पहले बनवाएं फिर सड़क पर आए।कार्यक्रम का समापन डॉ सुनीता वर्मा ने अपनी एनएसएस इकाई के प्रमुख हर्षवर्धन दिक्षित तथा सह प्रमुख विलायत फातिमा,मोमिन अली ने अपनी टीम जिनमें पवन श्रीवास्तव,अरबाज खान के साथ मिलकर कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया।

धन्यवाद ,

डॉ सुनीता वर्मा

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी

क्राइस्ट चर्च पीजी कॉलेज

कानपुर ।

## उन्नति विकास सेवा संस्थान ने निकाली तिरंगा यात्रा

**शाश्वत टाइम्स कानपुर।** 75 वें स्वतंत्रता दिवस पर उन्नति विकास सेवा संस्थान के सदस्यों के साथ मिलकर क्रिस्ट चर्च की अध्यापिका सहित ने छात्र छात्राओं ने तिरंगा यात्रा निकाली तिरंगा यात्रा सूतरखाना शेल्टर होम से यात्रा प्रारंभ हुई और घंटाघर जाकर माल रोड पर समाप्त हुई।





# स्वतंत्रता दिवस पर छात्र-छात्राओं का सम्मान

**शाश्वत टाइम्स कानपुर।** क्राइस्ट चर्च पीजी कॉलेज में 75वें आजादी के अमृत महोत्सव के आखिरी दिन बेस्ट सेल्फी और अमृत महोत्सव के पश्चात भाग लेने वाले प्रतिभागी छात्र छात्राओं को कालेज के प्राचार्य द्वारा सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। कालेज के प्राचार्य डॉ जोसेफ डेनियल ने बताया हर वर्ष की तरह इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कॉलेज में देशभक्ति गीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए। कार्यक्रम के दौरान एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुनीता वर्मा,प्रमुख हर्षवर्धन दिक्षित,प्रमुख विलायत, प्रोफेसर मीत कमल फातिमा,मोमिन,अली साथ की टीम में अरबाज,श्रुति, सौम्या, सौम्या तिवारी,अर्फिया,फरीना,साद,उमर कार्यक्रम के समापन तक उपस्थित रहे।

# क्राइस्ट चर्च पी जी कालेज में नेत्र प्रशिक्षण सत्र का आयोजन

**शाश्वत टाइम्स कानपुर।** क्राइस्ट चर्च पी जी कालेज में एनएसएस इकाई के द्वारा आर के देवी आई रिसर्च इंस्टीट्यूट के सहयोग से मिशन प्रकाश के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए नेत्र प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया जिसका प्रारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ जोसेफ डेनियल तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुनीता वर्मा के निर्देशन में हुआ इसके पश्चात आर के देवी आई रिसर्च इंस्टीट्यूट की ओर से आई हुई श्रीमती दीपिका श्रीवास्तव जी ने विद्यार्थियों को नेत्र से संबंधित समस्याओं से



अवगत कराया और किस तरह से नेत्र का उपचार करा सकते है उससे संबंधित जानकारी दी आज का कार्यक्रम सभी के लिए बहुत ही लाभकारी रहा। कार्यक्रम का समापन डॉ सुनीता वर्मा ने अपनी एनएसएस इकाई के प्रमुख हर्षवर्धन दिक्षित तथा सह प्रमुख विलायत फातिमा व मोमिन अली ने अपनी अपनी टीम जिनमें अरबाज, सुप्रिया, सौम्या, इरम, स्तुति,पवन, रिया, आर्फिया, साद, मुस्कान, मानवी, उमर, ज़रीन, रितेश, अक्शा, रिया के साथ मिल के कार्यक्रम का समापन किया।

# दयानन्द गर्ल्स पी. जी. कॉलेज, कानपुर

दयानंद गर्ल्स पी.जी. कॉलेज के राष्ट्रीय सेवायोजना ईकाई द्वारा सत्र किये गये विभिन्न कार्यों का विवरण निम्नवत है :

13 अगस्त , 2021 को आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा " Fit India Movement" जागरुकता रैली एवंम मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया ।

12 नवम्बर 2021 को एक दिवसीय "एमर्जेंसी मैनेजमेंट" पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

01 – 02 दिसंबर 2021 को दो दिवसीय Covid – 19 परीक्षण एवं कोरोना टीकाकरण का आयोजन किया गया।

08 फरवरी, 2022 को सीएमओ टीम की सहायता से महाविद्यालय में Covid–19 कोरोना टीकाकरण का आयोजन किया गया।

09 फरवरी, 2022 को महाविद्यालय में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया जिसमें 250 से ज्यादा छात्राओं ने अपना स्वास्थ्य चेक करवाया।

25 फरवरी, 2022 को महाविद्यालय में नेत्र परिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

8 मार्च, 2022 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस में भाषण प्रतियोगिता पोस्टर प्रेसेंटेशन कविता पाठ स्लोगन इत्यादि का आयोजन किया गया।

23 मार्च, 2022 को शहीद दिवस मनाते हुए पोस्टर प्रेजेंटेशन तथा ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया गया।

24 मार्च 2022 से 30 मार्च 2022 तक सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया जिसमें –

- प्रथम दिन : वृहद वृक्षारोपण किया गया
- द्वितीय दिन : स्वच्छता अभियान
- तीसरा दिन : बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरूकता रैली
- चौथा दिन : खाद्य एवं पोषण व्याख्यान और स्वास्थ्य जागरुकता अभियान
- पाँचवाँ दिन : सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान
- छठा दिन : मतदाता, आधारकार्ड, टीकाकारण जागरुकता अभियान
- सातवाँ दिन : सांस्कृतिक कार्यक्रम और शिविर का समापन हुआ

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 18 अप्रैल से 24 अप्रैल के मध्य चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत 24 अप्रैल 2022 को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान व रैली का अयोजन किया गया।

22 अप्रैल, 2022 को पर्यावरण संरक्षण जागरूकता हेतु 'विश्व पृथ्वी दिवस' मनाया गया।

25 अप्रैल, 2022 को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।

14 मई से 21 जून 2022 तक योग दिवस के उपलक्ष में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया योग दिवस का आयोजन 14 मई , 2022 को किया गया।

5 जून, 2022 को ऑनलाइन व्याख्यान के माध्यम से 'विश्व पर्यावरण दिवस' मनाया गया।

14 जून, 2022 को Blood Donation Awareness Campaign का आयोजन किया गया।

5 जुलाई, 2022 को वृहद वृक्षारोपण किया गया।

12 अगस्त से 15 अगस्त 2022 तक हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम – रैली, जन–जागरूकता, तिरंगा वितरण, पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध लेखन, नुक्कड़ नाटक, फैंसी ड्रेस, व अधिग्रहित बस्ती में चौक पर पार्षद के साथ ध्वजारोहण तथा मिष्ठान वितरण किया गया। साथ ही विभाजन की विभीषिका पर मोतीझील में मौन जुलूस तथा सिविल लाइंस स्थित शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित की गई।

5 सितंबर, 2022 को शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर छै, PO डॉ संगीता सिरोही को समाज सेवा व शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए नमामि गंगे विभाग, भाजपा, उत्तर प्रदेश, द्वारा पवित्र 'श्री राम नाम शॉल' भेंट एवं 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय सेवा सम्मान पुरस्कार' से सम्मानित किया गया।

7 सितंबर, 2022 को पोषण एवं स्वास्थ्य के तहत मनाए जाने वाले 'राष्ट्रीय पोषण सप्ताह' के अंतर्गत रीजेंसी हॉस्पिटल से डॉ. जया अग्रवाल व उनकी टीम के द्वारा एक व्याख्यान का आयोजन किया गया।

एन एस एस स्वयं सेवकों द्वारा उपलब्धियां

- 08 मार्च, 2021 डी .जी . कॉलेज की प्रिया शर्मा NSS Volunteer ने अमर उजाला और Unisef द्वारा आयोजित जिंदगी मास्टर क्लास में मैं हूँ योद्धा में उत्तर प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।
- राष्ट्रीय स्वयंसेवा उत्तर प्रदेश और Unisef के संयुक्त तत्वाधान में लखनऊ में आयोजित मुस्कराएगा इंडिया मीट में से रूपल श्रीवास्तवा, प्रिया आस्था और कार्यक्रम अधिकारी डॉ . सुनीता आर्या का स्वयंसेवक के रूप में चयन हुआ।
- राष्ट्रीय युवा सांसद के कानपुर नोडल में प्रथम और प्रदेश में दिव्तीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय की NSS सांसद में प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया।



योगा शिविर , मार्च 2022

# First Time Voter Campaign with Fever FM Radio, 07/02/2022










नेत्र परीक्षण शिविर : 25 फरवरी 2022



'धरती को रखना हरा-भरा जीवन धर्म हमारा'

कानपुर। रविवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर दयानंद गर्ल्स पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संगीता सिरोही के निर्देशन में एक ऑनलाइन विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वन संरक्षण के लिए 'चिपको आंदोलन' की प्रणेता अमृता देवी को स्मरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सीएसजेएमयू की बुन्देलखंड संघ के अध्यक्ष डॉ. जीएल श्रीवास्तव, पूर्व प्राचार्य अरमापुर पीजी कॉलेज व पूर्व विभागाध्यक्ष वीएसएसडी कॉलेज रहे। उन्होंने अपने व्याख्यान में हरित घर की संकल्पना बताते हुए 5 मुख्य मुद्दों- पौधरोपण, जल संरक्षण, कचरे के दुर्गीकरण निस्तारण व बहाव, पॉलिथीन मुक्त पर्यावरण लिए इलेक्ट्रिक बनाकर





मतदाता कार्ड, आधार कार्ड एवं वैक्सीनेशन जागरूकता अभियान रैली , मार्च 2022




वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम






सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान - **31/05/2022**







*Flower Sapling Plantation, March 2022*

# डी0बी0एस0 कॉलेज, कानपुर

## डीबीएस कॉलेज के प्रवक्ताओं ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित योग शिविर में बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा

दि टाम टुडे,कानपुर।
(संजय मौर्य)
अवसर महोत्सव के अवसर पर
हर्षो अन्तर्राष्ट्रीय
योग दिवस का आयोजन राष्ट्रीय सेवायोजना इकाई, डी०बी०एस० कालेज, कानपुर
द्वारा किया गया। कार्यक्रम कोरोना प्रोटोकाल एवं योग दिवस कॉमन प्रोटोकाल का
पालन करते हुए मुख्य अतिथि अरविन्द कुमार मिश्र, मुख्य न्यायाधीश,
पारिवारिक न्यायालय, कानपुर एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० अनिल कुमार मिश्र ने
प्रार्थना सभा द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।
उन्होंने बताया कि योग मनुष्य को स्वस्थ रखने में सहायता करता है, जिससे मन और आत्मा संतुलित रहती है। प्रतिदिन योग करने से शारीरिक और मानसिक बीमारियाँ दूर रहती हैं। बढ़ते तनाव को कम
करने और लाइफ स्टाइल से पैदा होने समस्याओं को योग से दूर किया जा
सकता है। योगाचार्य विनोद मिश्रा ने उपस्थित सभी शिक्षकों–शिक्षिकाओं,
कर्मचारियों तथा छात्र–छात्राओं को बैठकर, खड़े होकर तथा लेटकर किये जाने वाले
विभिन्न आसन तथा प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ० एस० पी० सिंह ने उपस्थित सभी लोगों से योग
को अपने जीवन में शामिल करने के लिए संकल्प कराया। कार्यक्रम का संचालन
डॉ० विजय खरे ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ०









डॉ० एस० सक्सेना, डॉ० संजय सिंह, डॉ० वीरेन्द्र सिंह, डॉ० गौतम हाल, डॉ० गौरव सिंह एवं काफी संख्या में छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

## डीबीएस कॉलेज में साइबर जागरूकता दिवस का आयोजन किया गया

लोक भारती न्यूज ब्यूरो

कानपुर। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई डीबीएस कॉलेज कानपुर में साइबर जागरूकता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर अनिल कुमार मिश्रा ने बताया कि साइबर से जुड़े अपराध बढ़ रहे हैं। जिसमें कंप्यूटर, मोबाइल, इंटरनेट के प्रयोग से आपको सामाजिक, आर्थिक तथा मानसिक रूप से प्रताड़ित एवं धोखा देने का प्रयास किया जाता है उन्होंने स्वयंसेवकों को बताया की आपकी जिम्मेदारी है कि अपने साथ–साथ समाज को भी जागरूक करें। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूर्व डिप्टी कमांडेंट एवं वर्तमान में महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग में कार्यरत सहायक प्राध्यापक डॉ संतोष कुमार यादव ने बताया कि साइबर क्राइम क्या है तथा किस प्रकार से किया जा सकता है व उन्होंने बताया कि कभी किसी के साथ अपने ओटीपी



या पासवर्ड को शेयर ना करें और यदि आपके साथ इस प्रकार का कोई अपराध होता है जिसमें आप के चित्र, वीडियो या कोई रिकॉर्डिंग के माध्यम से आप को धमकी दी जाती है तो प्रत्येक जिले में इससे निपटने के लिए साइबर सेल बना हुआ है इसकी जानकारी अपने नजदीकी थाने में अवश्य दें, इसके लिए सरकार की तरफ से टोल फ्री नंबर की सेवा भी जारी की गई है जो 1930 है जिस पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि सोशल साइट पर किसी भी लालच से बचे क्योंकि कभी भी कोई आपको फ्री में पैसा नहीं दे सकता। अपने लैपटॉप में एंटीवायरस का प्रयोग करें तथा फ्री मिलने वाली चाईनीज के यूज से बचें। कार्यक्रम अधिकारी डॉ एस पी सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम की सार्थकता के विषय में बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ सुनील उपाध्याय ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ अतुल सिंह, डॉ ज्ञान प्रकाश एवं बड़ी संख्या में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



## साइबर अपराधों से सचेत रहने को किया जागरूक

कानपुर। डीबीएस कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से साइबर जागरूकता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार मिश्रा ने बताया कि साइबर से जुड़े अपराध बढ़ रहे हैं जिसमें कंप्यूटर, मोबाइल, इंटरनेट के प्रयोग से आपको सामाजिक, आर्थिक तथा मानसिक रूप से प्रताड़ित व धोखा देने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने स्वयंसेवकों को बताया की आपकी जिम्मेदारी है कि अपने साथ-साथ



समाज को भी जागरूक करें। मुख्य वक्ता पूर्व डिप्टी कमांडेंट एवं वर्तमान में महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग में कार्यरत सहायक प्राध्यापक डॉ. संतोष कुमार यादव ने बताया कि कभी किसी के साथ अपने ओटीपी या पासवर्ड को शेयर ना करें और यदि आपके साथ इस प्रकार का कोई अपराध होता है जिसमें आप के चित्र, वीडियो या कोई रिकॉर्डिंग के माध्यम से आप को धमकी दी जाती है तो प्रत्येक जिले में इससे निपटने के लिए साइबर सेल बना हुआ है, इसकी जानकारी अपने नजदीकी थाने में अवश्य दें, इसके लिए सरकार की तरफ से टोल फ्री नंबर की सेवा भी जारी की गई है जो 1930 है। इस पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. एसपी सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन डॉ. सुनील उपाध्याय ने किया। डॉ. अतुल सिंह, डॉ. ज्ञान प्रकाश भी रहे।





# राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, इटावा

## विशेष शिविर

राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, इटावा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई सत्र 2021–22 का विशेष शिविर दिनांक 21.03.2022 से 27.03.2022 तक ग्राम लुहन्ना इटावा में आयोजित किया गया।

**प्रथम दिवस–21 मार्च, 2022 (दिन सोमवार)**

शिविर का शुभारम्भ दिनांक 21 मार्च, 2022 दिन सोमवार को हुआ। प्रथम दिवस का आरम्भ प्रार्थना और उद्घोषों से हुआ। समस्त स्वंय सेवकों की 5 टीमों का गठन किया गया और उनके बीच प्रथम दिवस के कार्यों का विभाजन किया गया। समस्त टीमों ने शिविर के उद्घाटन की व्यवस्था की। सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारम्भ मुख्य अतिथि के रूप में पधारे के0 के0 महाविद्यालय के प्राचार्य, महेन्द्र सिंह और महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 श्यामपाल सिंह के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ।





**द्वितीय दिवस–22 मार्च, 2022 (दिन मंगलवार)**

राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, इटावा में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन के कार्यक्रम प्रार्थना और योगाभ्यास के साथ प्रारम्भ हुआ। दिवस के प्रथम सत्र में अग्निशमन विभाग से तीन सदस्यों की टीम का आगमन हुआ। टीम प्रमुख श्री सुभाषचन्द्र जी नें आपदा प्रबन्धन के सम्बन्ध में विस्तार से बताया। टीम नें गैस सिलेण्डर में आग लग जाने पर बुझाने का मॉक ड्रिल किया।





### तृतीय दिवस–23 मार्च, 2022 (दिन बुधवार)

आज शहीद दिवस के अवसर पर अमर शहीदों भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के बलिदान को याद करते हुए उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया। सभी छात्राओं ने 'नमन उन शहीदों को जो सो गए' गीत गाकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि समर्पित की। तत्पश्चात स्वयंसेविकाओं ने सफाई अभियान चलाया। दिवस के द्वितीय सत्र में डॉ डाली रानी प्रवक्ता गृह विज्ञान के द्वारा पोषण और स्वास्थ्य के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी। छात्राओं ने अपनी शंकाओं का भी समाधान किया। कार्यक्रम का संयोजन और संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम प्रभारी सुश्री रेखा दीक्षित ने किया। प्रथम दिवस के कार्यक्रमों का समापन राष्ट्रगान और प्रेरक उद्बोधनों के साथ संपन्न हुआ।





### चतुर्थ दिवस–24 मार्च, 2022 (दिन गुरूवार)



तत्पश्चात इकाई की स्वंयसेवी छात्राओं ने चयनित ग्राम लुहन्ना में घर–घर जाकर जनसम्पर्क अभियान चलाया। छात्राओं ने लोगों से उनकी समस्याओं के बारे में जैसे शौचालय, सफाई की व्यवस्था, शिक्षा की स्थिति, महिलाओं तथा बालिकाओं की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने महिला और बालिकाओं को शिक्षा स्वास्थ्य और अधिकारों के बारे में बताकर उन्हें जागरूक किया। छात्राओं ने महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही है विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी, साथ ही विभिन्न महत्वपूर्ण नम्बरों के बारे में बताया।

### पांचवा दिवस–25 मार्च, 2022 (दिन शुक्रवार)

राजकीय महिला महाविद्यालय इटावा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के आयोजित हो रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के पाँचवें दिवस के कार्यक्रमों की शुरूआत प्रार्थना, योगाभ्यास से हुई।

तत्पश्चात इकाई की स्वंयसेवी छात्राओं को एरोविक्स की ट्रेनिंग दी गई।





**छठवां दिवस–26 मार्च, 2022 (दिन शनिवार)**

दिवस के प्रथम सत्र में आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ0 मानवी भााक्य का आगमन हुआ। डॉ0 मानवी ने छात्राओं से परिचर्चा करते हुये आयुर्वेद के संबंध में जानकारियां प्रदान की। उन्होंने ब्रह्म मुहूर्त में जागना और शरीर की सफाई करना स्वास्थ्य के लिये सर्वश्रेश्ठ बताया। खान–पान और व्यायाम के संबंध में भी उन्होंने जानकारियां प्रदान की।

शिविर के द्वितीय सत्र में छात्राओं ने विविध सम–सामायिक विशयों जैसे कि पानी बचाओ, पर्यावरण संरक्षण, बेटी बचाओ, सड़क सुरक्षा आदि पर पोस्टर तैयार किये। कार्यक्रम का समापन राश्ट्रगान के साथ सम्पन्न हुआ।







**सातवां दिवस–27 मार्च, 2022 (दिन रविवार)**

प्रथम सत्र में समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. चन्द्रप्रभा द्वारा महिला सशक्तिकरण पर व्याख्यान दिया गया। द्वितीय सत्र में स्वयं सेविकाओं नें सांस्कृतिक कार्यक्रम में एकल व सामूहिक नृत्य, कव्वाली, गीत, नाटक का प्रस्तुतीकरण किया।

राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी सुश्री रेखा नें कार्यक्रम का संचालन किया और स्वयं सेविकाओं को अनवरत समाज सेवा करनें का संकल्प दिलानें के साथ कार्यक्रम के समाप्ति की घोषणा की।






# सामान्य शिविर तथा अन्य कार्यक्रम

दिनांक 12.04.2021 को राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय इटावा में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में कोविड टीकाकरण उत्सव के अन्तर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सभी ने कोविड से बचाव हेतु नियमों का पालन करने और टीकाकरण में सहयोग करने की प्रतिज्ञा भी की।





दिनांक 04.09.2021 को राजकीय महिला महाविद्यालय, इटावा में मिशन शक्ति तृतीय चरण हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन कार्य योजना के अन्तर्गत एक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के उपरान्त महाविद्यालय में मिशन शक्ति के विषयों से संबंधित निबंध प्रतियोगिता एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कई छात्राओं ने अपने–अपने विचार प्रस्तुत किए।









दिनांक 10.09.2021 को उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भारतरत्न पण्डित गोविन्द बल्लभ पन्त की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई।

दिनांक 02.10.2021 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई।

आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय द्वारा 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक विशेष स्वच्छता अभियान के क्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई, कार्यक्रम अधिकारी प्रो रेखा के नेतृत्व में यमुना नदी के तट पर हनुमान घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया।





इसके अंतर्गत स्वयं सेवकों ने घाट की सीढ़ियों की सफाई, नदी के कछार में बहकर आए अपशिष्ट पदार्थों का निस्तारण किया। उन्होंने वहां के स्थानीय जन को स्वच्छता की शपथ दिलाई और उन्हें स्वच्छता के महत्त्व के बारे में बताया। स्थानीय लोगों ने अपने जल संसाधन को स्वच्छ रखने के लिए संकल्प लिया।

दिनांक 05.05.2022 को मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत पंचायती राज दिवस के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पंचायती राज व्यवस्था में भारत में महिलाओं को 33फीसदी आरक्षण की व्यवस्था की गई है जिसने ग्रामीण और शहरी निकायों को बदलकर रख दिया है।

10 मई 1857 के दिन प्रारंभ हुआ प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के अमर बलिदानी सेनानियों की स्मृति में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें स्वाधीनता संग्राम में महिलाओं के योगदान को याद किया गया।





दिनांक 22.05.2022 को सुड़क सुरक्षा अभियान के अन्तर्गत भापथ एवं रैली निकाली गई।दिनांक 29.05.2022 को सड़क सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।सड़क सुरक्षा के बारे में बताया कि वाहन चलाते हुए यदि नशा, नींद और ओवर स्पीड से बचा जाए तो दुर्घटनाएं शून्य हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय यदि हेलमेट और सीट बेल्ट लगाई जाए तो भी जान हानि नहीं होगी।







दिनांक 09.06.2022 को बिरसा मुड़ां भाहीद दिवस पर श्रद्धांजलिऔर विचार गोश्ठी का आयोजन किया गया।

दिनांक 18.06.2022 को रानी लक्ष्मीबाई भाहीद दिवस पर पर श्रद्धांजलि और विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

दिनांक 20.06.2022 को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया

दिनांक 05.07.2022 को वृहद वृक्षारोपण का कार्यक्रम का आयोजन वृक्ष लगाकर किया गयाऔर राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने बेल, नींबू,अमरूद, जामुन, करोंदा, नीम आदि के वृक्ष लगाए।

उच्च शिक्षा विभाग से प्राप्त निर्देश के अनुक्रम में इटावा जनपद में क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, कानपुर मण्डल, कानपुर की अध्यक्षता में आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम के सफल आयोजन किया गया।

दिनांक 11.08.2022 से 17.08.2022 को आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम मनाया गया।









# इंदिरा गांधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, उन्नाव

कानपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का
छायाचित्र एवं समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरें

1. 05 जुलाई, 2021 वृक्षारोपण कार्यक्रम।



प्राचार्य के संरक्षण में महाविद्यालय में 05 जुलाई को वृक्षारोपण किया गया

2. 08 अगस्त, 2021 अमृत महोत्सव के अन्तर्गत कैच द रैन कार्यक्रम।



महविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक रंजना सिन्हा व कार्यक्रम अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार द्विवेदी के संरक्षण में व जल संरक्षण के विषय में जानकारी दी गयी

3. 13 अगस्त, 2021 को फिट इण्डिया फ्रीडम रन कार्यक्रम।
4. 04 सितम्बर, 2021 पोषण माह के अन्तर्गत पोस्टर प्रतियोगिता व जागरुकता रैली।
5. 07 सितम्बर, 2021 को माननीय प्रधानमंत्री का सजीव भाषण सुनते हुए।
6. 22 सितम्बर, 2021 को साइकिल रैली



अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में सशत्र सेनाओ द्वारा आयोजित साइकिल रैली में प्रतिभाग किया




भारतीय आजादी के 75 साल के सुभ अवसर पर अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत प्राचार्य डॉ सदानंद राय ने महाविद्यालय से फिट इंडिया फ्रीडम रन रैली को हरी झंडी दिखाकर रावना किया छात्र छात्राओं ने जनमानस को फिट रहने का सन्देश दिया


9. 25 सितम्बर, 2021 को मिशन शक्ति के तृतीय चरण में आयोजित साइबर क्राइम जागरुकता कार्यक्रम।



मिशन शक्ति के तृतीय चरण के अंतर्गत महिला सुरक्षा एवं सायबर क्राइम विषय पर जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया पुलिस अधीक्षक आशुतोष कुमार व कोतवाली प्रभारी श्याम नारायन सिंह व अन्य महिला पुलिस अधिकारी द्वारा इस विषय पर व्याख्यान दिया गया

10. 01 अक्टूबर, 2021 को स्वच्छता अभियान का शुभारम्भ।





12. 02 अक्टूबर, 2021 को गॉधी जयंती मनायी गयी।





13. 26 नवम्बर, 2021 को महाविद्यालय को संविधान दिवस व शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया।



प्राचार्य जी की अध्यक्षता में संविधान दिवस की शपथ दिलाई गयी

14. 1 दिसम्बर, 2021 को विश्व एड्स दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन।



01 दिसम्बर 2021 को एड्स दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रिय सेवा योजना के अंतर्गत संगोष्ठी का आयोजन किया गया

15. 12 जनवरी, 2022 को स्वामी विवेकानन्द जी की जंयती का आयोजन।



12 जनवरी 2022 को स्वामी विवेकानंद की जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाई गयी स्वाम सेवकों को उनके जीवन परिचय का विस्तार से जानकारी पदान की गई

16. 12 जनवरी से 19 जनवरी, 2022 को युवा सप्ताह का आयोजन।

17. 12 फरवरी, 2022 से 17 फरवरी, 2022 तक मतदाता जागरुकता कार्यक्रम।





18. 08 मार्च, 2022 को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन।



पाचार्य की अध्यक्षता में राष्ट्रिय सेवा योजना के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया जिसमे महाविद्यालय के सभी माहिया प्राध्यापकों का सम्मान किया गया

19. 24 मार्च, 2022 को शहीद दिवस के अवसर पर कार्यकम का आयोजन।

20. 29 मार्च, 2022 से 04 अप्रैल, 2022 तक विशेष-शिविर का आयोजन।

# एम0एम0वी0 कॉलेज

## में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का छायाचित्र एवं समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरें





port to children with dyslexia and dysgraphia which caters to the services and devices that enable people with learning disorders to accomplish daily tasks, assist them in communication, education, work or recreation activities and ultimately help them achieve greater independence

team of experts developed this novel a- tive application by acknowledging need for additional support require such special children. It provides a tr- ing module currently available in Hindi language for school-going chil- between classes I to V. The applicati-

## Prabhat pheri taken out



NSS volunteers of Mahila Mahavidyalaya, Kidwai Nagar, taking out prabhat pheri on Sunday

PIONEER NEWS SERVICE ■ KANPUR

On the occasion of Azadi Ka Amrit Mahotsav the NSS unit of Mahila

apprised them of the importance India's independence through slog- and brief address. Programme officer Dr S Yunus supervised the event while Dr Nam

He said the objective to select Mr Smart tion,' the level of male participation in

## plantation drive organised



Plantation drive at Mahila Mahavidyalaya, Kidwai Nagar, on Saturday


advanced care to the children in Kanpur and surrounding areas, experts from Indraprastha Apollo Hospital, New Delhi, conducted a press meet with healthcare fraternity of Kanpur in Apollo Spectra. It was addressed by Dr Ashutosh Marwah, Senior Consultant, Paediatric Cardiologist on Saturday.

Dr Marwah said Apollo hospitals strive to be a trusted companion of a patient's medical journey from diagnosis to treatment to recovery. He said it was aimed to reach out to patients to minimise the need to travel. He said the objective of the press meet was to help people of the area to channelise their efforts in the right direc-

tion with minimal ... He said it was endea- create awareness abo- tal heart disease an- treatment options a- child will be able to- mal life.

He said this wil- vide patients an adv- timely diagnosis an- treatment.

## 'युवा वन' स्थापित करने को रोपे बीस पौधे







Winner volunteers of NSS camp with their unit incharge Dr Saba Yunus.

**Kanpur (The Hawk):** Health experts examined the dwellers of Dhaknapurwa Slum and prescribed medicines to them on the concluding day of the week-long special camp organised by the NSS unit of Mahila Mahavidyalaya, Kidwai Nagar, on Monday. Experts team comprised of

occasion, in recognition of their better coordination and participation, a few selected volunteers were awarded the 'star of camp trophy'. At the same time, winner slum children of different competitions were also awarded the attractive prizes. A mehandi competition was organised



# नेहरू कॉलेज छिबरामऊ, कन्नौज

## वृक्षारोपण





## गोष्ठी





## फिट इण्डिया






# हर घर तिरंगा योजना के प्रति ग्रामीणों में दिखा उत्साह

नेहरू कालेज के वॉलंटियर्स छात्र छात्राओं ने घर घर वितरित किया तिरंगा

दो गांव में 150 पौधे रोपित किए गए

लोकभारती न्यूज ब्यूरो





[illegible]

## कम्पोजिट विद्यालय को चोरों ने बनाया निशाना

लोकभारती न्यूज ब्यूरो



[illegible]

समृद्धि न्यूज़
कन्नौज 10
लखनऊ, बुधवार, 30 मार्च, 2022

# पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण आवश्यक

## राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर

छिबरामऊ, समृद्धि न्यूज़।

ग्राम बहबलपुर में चल रहे नेहरू महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय शिविर के छठवें दिवस पर पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण को आवश्यक बताया गया।

डॉ. आशीष कुमार गुप्ता कार्यक्रम अधिकारी ने कहा पर्यावरण संरक्षण के लिए इस धरती को प्रदूषण रहित करना होगा क्योंकि जनसंख्या वृद्धि के साथ-साथ मनुष्य दिन-प्रतिदिन प्रगति कर रहा है और इस विकास के नाम पर प्रदूषण में भी वृद्धि हो रही है। मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता विषय वस्तु विशेषज्ञ उपसम्भागीय कृषि प्रसार कार्यालय छिबरामऊ सिपाही लाल ने कृषि, भू संरक्षण एवं जल संरक्षण पर विस्तृत चर्चा करते हुए कहा पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण करना चाहिए। कृषि में जैविक खाद का उपयोग करने के साथ जल की बर्बादी एवं गन्दगी को रोकने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कृषि के क्षेत्र में फसलों के उत्पादन की वृद्धि, खेतों में जाकर गेहूँ एवं लहसुन की फसलों में होने वाले रोगों के बचाव के बारे में बताया। डॉ यूपी सिंह ने कहा आधुनिक युग में पूरा विश्व ही पर्यावरण के प्रदूषण से पीड़ित है। जहरीली गैसों के कारण सांस लेने में शरीर में अनेक विकृतियां पैदा हो जाती है जिससे स्वस्थ जीवन जीने में समस्या आती है। हमें अपनी जीवन को बदलना होगा। प्रो. धर्मवीर सिंह ने कहा हमारा उद्देश्य जीवन को स्वच्छ और स्वस्थ रूप देना होना चाहिए। पर्यावरण है तो हमारा जीवन है। डॉ मनीष भूविज्ञान विशेषज्ञ ने पर्यावरण प्रदूषण से बचने के लिए पृथ्वी की सुन्दरता को बनाये रखना है। जो स्वच्छ जल और स्वच्छ वायु से बनेगी। स्वयंसेवकों ने बहबलपुर गाँव में जाकर पर्यावरण संरक्षण पर नुक्कड़ नाटक करके जागरूक करने का प्रयास किया। इस अवसर पर गौरव मिश्रा, श्रीमती किरन व सतीश चन्द आदि उपस्थित रहे।



विचार व्यक्त करते सोशल मीडिया प्रभारी डॉ यूपी सिंह।



गांव में नुक्कड़ नाटक करते स्वयंसेवक।

# जनता कॉलेज, बकेवर, इटावा

## में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का छायाचित्र एवं समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरें



### जागरूक करेगा चुप्पी तोड़ो, खुलकर बोलो अभियान

संवाद न्यूज एजेंसी

बकेवर। जनता कॉलेज बकेवर में गुरुवार को मिशन शक्ति के तीसरे चरण में परामर्श सत्र एवं नारी समानता के अधिकार पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डा. मनोज कुमार यादव ने मिशन शक्ति के उद्देश्यों के बारे में बताया।

भूमि संरक्षण विभाग के विभागाध्यक्ष डा. पीके राजपूत ने साइबर क्राइम, बालिका सुरक्षा पर अपने विचारों से छात्राओं का ज्ञानवर्धन किया। उन्होंने कहा कि देश की आबादी की आधी शक्ति नारी की है। फिर भी कहीं न कहीं समाज में फैली कुरीतियों के कारण नारी शक्ति का शोषण हो रहा है। इसे रोकने के लिए ही मिशन शक्ति चलाया जा रहा है। रोवर्स रेंजर्स प्रभारी एवं क्रीड़ा अधीक्षक डा. ज्योति भदौरिया ने मिशन शक्ति के तृतीय चरण की कार्ययोजना प्रस्तुत की। इसमें छात्राओं के व्यायाम, योग, मार्शल आर्ट्स, महिला सुरक्षा के लिए संचालित सरकारी योजनाओं का प्रसार तथा चुप्पी तोड़ो खुल कर बोलो जैसे सामाजिक मुद्दों पर विचारों को साझा किया।

विशिष्ट अतिथि डा. एमपी सिंह ने कहा कि सम्मान व स्वाभिमान के लिए हम सब मिलकर सबको जागरूक करेंगे। एनएसएस के कार्यक्रम प्रभारी ने हिंदू एक्ट, हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, दहेज प्रथा निवारक अधिनियम, समान पारिश्रमिक एक्ट, पंचायतों में महिलाओं की भागीदारी आदि के बारे में जानकारी दी। राष्ट्रीय कैडेट कोर के प्रभारी डॉ. ब्रह्मानंद शर्मा ने बालिका स्वास्थ्य क्लब के बारे में बताया तथा पोषण जागरूकता पर छात्राओं का ज्ञानवर्धन किया।

**मिशन शक्ति के तृतीय चरण के तहत हुई संगोष्ठी**



इटावा | amarujala.com | अमर उजाला | कानपुर | शनिवार, 30 अक्तूबर 2021 | 6

### छात्राएं तरक्की की राह पकड़ें : गीता शाक्य

**बोलीं सांसद, नारी सशक्तिकरण है प्रासंगिक, जनता कॉलेज बकेवर में गोष्ठी का आयोजन**

संवाद न्यूज एजेंसी

**गरीब छात्राओं की फीस जमा करती हैं गिरिजा**

प्रधानाचार्या गिरिजा शुक्ला।



# राम सहाय राजकीय डिग्री कॉलेज

**में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का छायाचित्र एवं समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरें**

## राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई सत्र 2021–22

रामसहाय राजकीय महाविद्यालय,बैरी–शिवराजपुर कानपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा महाविद्यालय मे विभिन्न तिथियो मे आपके आदेशानुसार एक दिवसीय कार्यक्रमों/अभिविन्यास कार्यक्रमों को सम्पन्न कराया गया। जिसका विवरण आपकी सेवा में सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

1– दिनांक 05/07/2021 को महाविद्यालय मे प्राचार्य, कार्यक्रम अधिकारी एन0एस0एस0,शिक्षको,कर्मचारियों एवं स्वयंसेवियो के द्वारा वृक्षारोपण किया गया और कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयंसेवियो के द्वारा अन्य छात्र/छात्राओं को उनके गॉव एवं घर के आसपास वृक्षारोपण के लिये प्रेरित किया गया।

2– दिनांक 14/08/2021 को महाविद्यालय मे फिट इंडिया फ्रीडम रन अभियान के अर्न्तगत दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

3– दिनांक 02/10/2021 को राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी जी की जयन्ती पर स्वयं सेवियों द्वारा महाविद्यालय प्रांगण मे साफ–सफाई एवं पौधो की निराई–गुणाई की गयी तथा कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयंसेवियों के द्वारा महाविद्यालय के अन्य छात्र/छात्राओं को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

4– दिनांक 06/10/2021 को महाविद्यालय में स्वच्छ भारत अभियान के अर्न्तगत "स्लोगन तथा पोस्टर प्रतियोगिता" का आयोजन किया गया।

5– दिनांक 08/10/2021 को महाविद्यालय में स्वच्छ भारत अभ्यिान पर एक निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

6– दिनांक 09/10/2021 को स्वच्छ भारत अभियान के अर्न्तगत महाविद्यालय परिसर तथा टैम्पो स्टैण्ड शिवराजपुर में सिंगल यूज प्लास्टिक को एकत्रित किया गया तथा वहॉ की साफ–सफाई भी की गयी। कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयंसेवियों के द्वारा महाविद्यालय परिसर में छात्र/छात्राओ एवं टैम्पों स्टैण्ड पर अन्य लोगो को स्वच्छता के लिये प्रेरित किया गया।

7– दिनांक 11/10/2021 को महाविद्यालय मे राष्ट्रीय सेवा योजना के **"प्रथम एक दिवसीय शिविर"** का आयोजन किया गया जिसमे स्वयंसेवियो ने महाविद्यालय प्रांगण मे साफ–सफाई की एवं पेड–पौधो के आसपास लगी घास को हटाया और अन्य छात्र/छात्राओं को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

8– दिनांक 20/10/2021 को महाविद्यालय मे राष्ट्रीय सेवा योजना के "द्वितीय एक दिवसीय शिविर" का आयोजन किया गया जिसमे स्वयंसेवियो ने महाविद्यालय प्रांगण एवं पुस्तकालय मे साफ–सफाई की एवं पेड–पौधो की सिचाई की।

9– दिनांक 22/10/2021 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के अर्न्तगत महाविद्यालय परिसर से ग्राम बैरी तक कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व मे स्वच्छ भारत अभियान पर एक जागरूकता रैली निकाली और कई नारे भी लगाये तथा ग्रामवासियो को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया।

10– दिनांक 28 / 10 / 2021 को लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल के व्यक्तित्व एवं निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे स्वयं सेवियो के अतिरिक्त महाविद्यालय के अन्य छात्र / छात्राओं ने भी भाग लिया।

11– दिनांक 30 / 10 / 2021 को स्वच्छ भारत अभियान के अर्न्तगत प्लग रन का आयोजन किया गया तथा छात्र / छात्राओ को कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयं सेवियों द्वारा इधर उधर फेकी गई। प्लास्टिक व चीजो को उठाकर डस्टबिन मे डालने के लिये प्रेरित किया गया।

12– दिनांक 12 / 11 / 2021 को महाविद्यालय मे "<u>तृतीय एक दिवसीय शिविर</u>" का आयोजन किया गया जिसमे स्वयंसेवियो ने महाविद्यालय के विभिन्न संकायो की साफ–सफाई की गयी।

13– दिनांक 15 / 11 / 2021 को महाविद्यालय में स्वास्थ्य विभाग की टीम के सहयोग से कोविड–19 वैक्सीनेशन और रानी लक्ष्मीबाई पर गीत एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

14– दिनांक 20 / 11 / 2021 को महाविद्यालय में मिशनशक्ति फेज 3 के अन्तर्गत छात्राओं में नेतृत्व क्षमता को विकसित करने के उद्‌देश्य से एक दिवस के लिये एक स्वयंसेविका को विशेष कार्यक्रम अधिकारी एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय परिसर की साफ–सफाई की।

15– दिनांक 22 / 11 / 2021 को महाविद्यालय में यातायात के नियमो की जानकारी देने के लिये परिवहन विभाग की नामित अधिकारी द्वारा व्याख्यान का आयोजन किया गया।

16– दिनांक 23 / 11 / 2021 को यातायात जागरूकता सप्ताह के अर्न्तगत स्लोगन तथा कविता लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

17– दिनांक 26 / 11 / 2021 को संविधान दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में प्राचार्य की उपस्थित में कार्यक्रम अधिकारी,शिक्षको,कर्मचारियों एवं छात्र–छात्राओं के द्वारा संविधान की प्रस्तावना पढ़ी गयी। छात्र / छात्राओं को संविधान की जानकारी पावर प्वांइट प्रजेन्टेशन के माध्यम से कार्यक्रम अधिकारी के द्वारा दी गयी तत्पश्चात संविधान पर भाषण प्रतियोगिता,क्विज प्रतियोगिता और निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजनीति विज्ञान विभाग के डा0 राधेश कुमार निर्णायक के रूप में उपस्थित रहें।


18– दिनांक 07 / 12 / 2021 को महाविद्यालय की छात्र / छात्राओं ने छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के दीनदयाल शोध केन्द्र में मण्डल स्तरीय सड़क सुरक्षा के कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया।

19– दिनांक 24 / 01 / 2022 को राष्ट्रीय बालिका दिवस एवं उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर आनलाइन पोस्टर प्रतियोगिता एवं निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

20– दिनांक 08 / 03 / 2022 को महाविद्यालय मे अर्न्तराष्ट्रीय मेला दिवस मनाया गया जिसमें भाषण प्रतियोगिता,निबन्ध प्रतियोगिता एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

21– दिनांक 31 / 03 / 2022 को महाविद्यालय मे "<u>चतुर्थ एक दिवसीय शिविर</u>" का आयोजन किया गया जिसमे स्वयंसेवियो ने महाविद्यालय परिसर की साफ–सफाई की गयी।

रामसहाय राजकीय महाविद्यालय, बैरी–शिवराजपुर कानपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर (23 मार्च 2022 से 29 मार्च 2022) को सम्पन्न कराया गया।








# राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का हुआ समापन



**चेतना कार्यालय** प्रियांशु मोनू त्रिवेदी

